20.	National Institute of Ayurveda (NIA), Jaipur	Rajasthan	Establishment of Centre of Excellence in Dravyaguna for Development of Database of Key Identification Features and DNA Bank of Authentic and Market Samples of Selected Plant Based Raw Materials used in Ayush Medicines	9,32,38,620/-
21.	The Ayurvedic Trust	Tamil Nadu	CoE - Research Hospital for Rheumatology	3,65,00,000/-
22.	National Institute of Indian Medical Heritage, (NIIMH), Hyderabad	Telangana	Centre of Excellence in Medico-Historical Studies and Indian Medical Heritage	9,84,29,400/-
23	Central Drug Research Institute, Lucknow (CDRI), Lucknow	Uttar Pradesh	Centre of Excellence for Fundamental and Translational Research in Ayurveda	10,00,00,000/-
24.	Banaras Hindu	Uttar	Establishing National Resource Centre on Ksharsutra Therapy, Department of	5,00,00,000/-

Contents Page

	University, Varanasi	Pradesh	Shalya Tantra, Institute of Medical Sciences / National Referral Centre for Teaching, Research, Training and referral patients care on Ksharsutra under CoE	
25.	Central Ayurveda Research Institute, Gwalior Road, Jhansi (Uttar Pradesh)	Uttar Pradesh	Centre of Excellence in Pharmaceutical Development and Standardization of Rasaushadhies used in Ayurveda	9,87,74,000/-
26.	Patanjali Ayurveda Hospital, Haridwar	Uttarakhand	Establishment of Centre of Excellence of Renovation and Upgradation of Patanjali Ayurveda Hospital	10,00,00,000/-
27.	Society for welfare of the handicapped persons, Bharosa, Durgapur	West Bengal	Centre of Excellence in Homeopathy for prevention of Disability	2,00,00,000/-
28.	National Institute of Homoeopathy (NIH), Kolkata	West Bengal	Centre for Excellence for Advancing Homoeopathic Research in the Management of Metabolic Disorders	9,56,52,000/-

MR. CHAIRMAN: First supplementary. Shri Tejveer Singh.

श्री तेजवीर सिंहः सर, मेरा पहला सप्लीमेंटरी यह है कि क्या माननीय आयुष मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि आयुर्स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत स्थापित उत्कृष्टता केंद्रों (सीओई) और सार्वजनिक स्वास्थ्य पहल (पीएचआई) परियोजनाओं के प्रभाव का मूल्यांकन किस प्रकार किया जा रहा है? क्या इन केंद्रों के माध्यम से आयुष-आधारित अनुसंधान, रोग निवारण तथा जन स्वास्थ्य सेवा में हुए सुधार के लिए कोई मानक संकेतक निर्धारित किए गए हैं?

MR. CHAIRMAN: Hon'ble Minister.

श्री प्रतापराव जाधवः माननीय सभापति जी, सम्माननीय सदस्य ने मूल्यांकन के संबंध में यहां पर जो प्रश्न पूछा है, मैं आपके माध्यम से उनको बताऊंगा कि आयुष मंत्रालय ने इस स्कीम का जो मूल्यांकन है, वह एक थर्ड पार्टी, यानी क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया से करवाया है। अपनी मूल्यांकन रिपोर्ट में क्यूसीआई ने यह नतीजा निकाला है कि यह स्कीम भारत के राष्ट्रीय लक्ष्यों, यानी विकसित भारत के विज़न के तहत सभी नागरिकों को सस्ती और आसानी से मिलने वाली हेल्थ केयर देने के साथ पूरी तरह से मेल खाती है। सभापति महोदय, थर्ड पार्टी इवैल्युएशन के अनुसार आयुष और पब्लिक हेल्थ के तहत 30 हजार से ज्यादा बेनिफिशियरीज़ को सीधे आयुष बेस्ड हेल्थ केयर सर्विस मिली है, जबकि स्क्रीनिंग और ट्रीटमेंट एक्टिविटी में 3 लाख से भी ज्यादा लोग शामिल हुए हैं। इसमें डायबिटीज, एनीमिया, टीबी वगैरह जैसी बीमारियों का जल्दी पता लगाने से मैनेजमेंट को भी मदद मिली है। 1,500 से ज्यादा हेल्थ कैंप्स और 700 से ज्यादा

Contents Page

अवेयरनेस सेशंस के जरिए इस पहल ने प्रिवेंटिव हेल्थ केयर अवेयरनेस को काफी मजबूत किया है। खास कर ग्रामीण और आदिवासी इलाकों में इसने हेल्थी लाइफस्टाइल अपनाने को भी बढ़ावा दिया है। आयुष, पब्लिक हेल्थ और Centre of Excellence से मिलकर आयुष इलाज तक कम्युनिटी की पहुंच भी मजबूत की है, scientific credibility बढ़ाई है और advanced technology का भी innovation किया है तथा जनता में आयुष को एक modern, evidence-driven और बहुत भरोसेमंद हेल्थ केयर सिस्टम के तौर पर पॉजिटिव बनाया गया है।

MR. CHAIRMAN: Second Supplementary; Shri Tejveer Singh.

श्री तेजवीर सिंहः महोदय, मैं माननीय मंत्री जी से यह जानना चाहता हूँ कि उत्तर प्रदेश राज्य में आयुष मंत्रालय द्वारा क्या गतिविधियाँ की जा रही हैं एवं आयुष इंफ्रास्ट्रक्चर बढ़ाने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

श्री प्रतापराव जाधवः सभापति महोदय, आयुष मंत्रालय द्वारा समर्थित जिन गतिविधियों के बारे में यहाँ पर पूछा गया है, उनके बारे में मैं बताऊंगा कि हमारे मंत्रालय ने उत्कृष्टता केंद्र के अंतर्गत एक समर्थित परियोजना बनाई है, जिसमें Central Drug Research Institute, Lucknow, के लिए आयुष मंत्रालय ने लगभग 4 करोड़ का फंड दिया है, बीएचयू, वाराणसी के लिए 5 करोड़ रुपए की निधि आवंटित की है, Central Ayurveda Research Institute, Jhansi के लिए भी लगभग 4 करोड़ से ज्यादा निधि दी है। हमारी दूसरी योजनाएं हैं, जैसे आयुर्ज्ञान योजना के अंतर्गत जो परियोजना आती है, उसके माध्यम से भी उत्तर प्रदेश में लगभग 9 संगठनों को 26 प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए 2 करोड़, 35 लाख रुपये की सहायता प्रदान की है। इसके अतिरिक्त 10 अनुसंधान परियोजनाओं के लिए भी लगभग 8.5 करोड़ रुपये से ज्यादा की सहायता प्रदान की है। इसके साथ ही हमारे आयुष मंत्रालय की ओर से औषधियों की गुणवत्ता एवं उत्पादन संवर्धन की जो योजना चलाई जाती है, उसमें 2022-23 में भी लैब की सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण करने के लिए उत्तर प्रदेश को लगभग 2 करोड़ रुपये से ज्यादा की निधि दी गयी है।

महोदय, उन्होंने जो पूछा है, राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत भी जो हमारी गतिविधियां आती हैं, उनमें राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत 2015-16 से लेकर 2024-25 तक राज्यों को कुल 1,716 करोड़ रुपये से ज्यादा की राशि स्वीकृत की गई है। इसके साथ ही हमारे आयुष की जो भी प्रमुख अवसंरचनाएं होती हैं, उनके लिए भी हमारे मंत्रालय के माध्यम से समर्थन दिया गया है। उत्तर प्रदेश में 26 एकीकृत आयुष अस्पतालों को स्वीकृति प्रदान की है और आयुष जन स्वास्थ्य कार्यक्रम 2023-24 में NPCDCS के साथ आयुष के एकीकरण में 18 इकाइयों को भी वहाँ पर सहायता दी गई है। उत्तर प्रदेश में 9 आयुष मोबाइल मेडिकल यूनिट्स भी हैं, करुण्या कार्यक्रम भी 50 इकाइयों में चल रहा है तथा गठिया कार्यक्रम भी 8 इकाइयों में चल रहा है। इस प्रकार आयुष मंत्रालय के माध्यम से ऐसे बहुत सारे कार्यक्रम उत्तर प्रदेश में आयुष को बढ़ावा देने के लिए किए गए हैं।

महोदय, मैं शैक्षणिक संस्थानों के बारे में अगर बताऊं, तो राजकीय आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज, हुनहुना, रुद्रोली, अयोध्या में लगभग 22 करोड़ रुपये से काम शुरू हुआ है और राजकीय

Contents Page

होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, पिंडरा, वाराणसी में भी 18 करोड़ लाख रुपये की स्वीकृति दी है। महोदय, NAM के माध्यम से उत्तर प्रदेश में हमने जो सुविधा दी है, उसमें आयुष के 1,034 आयुष्मान आरोग्य मंदिर वहां पर कार्यान्वित हैं और 2026-27 में लगभग 298 करोड़ रुपये के पूल को भी हमने वहाँ पर मान्यता दी है।

MR. CHAIRMAN: Third Supplementary; Shrimati Rajani Ashokrao Patil.

SHRIMATI RAJANI ASHOKRAO PATIL: Mr. Chairman, Sir, through you, I would like to put a very small question to the hon'ble Minister. My question is: How will the Government ensure that AYUSH projects deliver real public health outcomes despite shortage of infrastructure, staff and medicines?

श्री प्रतापराव जाधव: माननीय सभापति जी, मैं सम्माननीय सदस्या को आयुष मंत्रालय के बारे में इतना ही बताऊँगा कि 2014 में आयुष मंत्रालय का जो बजट लगभग 1,000 करोड़ रुपए था, ...

MR. CHAIRMAN: The House stands adjourned to meet at 2.00 p.m.

[Answers to Starred and Un-starred Questions (Both in English and Hindi) are available as Part -I to this Debate, published electronically on the Rajya Sabha website under the link https://sansad.in/rs/debates/officials]

The House then adjourned for lunch at one of the clock.

The House reassembled after lunch at two of the clock,
MR. CHAIRMAN *in the Chair.*

SUPPLEMENTARY DEMANDS FOR GRANTS, 2025-26

MR. CHAIRMAN: Supplementary Demands for Grants, 2025-26. Shri Arjun Ram Meghwal to lay the papers on behalf of the hon'ble Minister of Finance.

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF LAW AND JUSTICE; AND THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI ARJUN RAM MEGHWAL): Hon'ble Chairman, Sir, on behalf of Shrimati Nirmala Sitharaman, I rise to lay on the Table, a statement (in English and Hindi) showing the Supplementary Demands for Grants, 2025-26.

Contents Page

ANNOUNCEMENT BY THE CHAIR

MR. CHAIRMAN: Hon'ble Members, yesterday, the Discussion on the Working of the Ministry of Environment, Forest and Climate Change was completed. As indicated in today's revised List of Business, the hon'ble Minister will reply to the discussion today.

Normally, as per the convention, once the discussion is concluded, no further interventions are permitted and the hon'ble Minister proceeds to make the reply. However, the essence of democracy lies in discussion, dialogue and debate. It has always been my endeavour to ensure that as many Members as possible get an opportunity to participate in the deliberations of this House and that both sides listen to each other. In that spirit, I am, on this occasion, permitting the request received from the Chief Whip of Indian National Congress Party, as a special case, to allow Shri Neeraj Dangi to participate in the discussion as the last speaker. Thereafter, the hon'ble Minister will commence his reply.

SHRI P. WILSON (Tamil Nadu): Sir, is this not...*(Interruptions)*...

MR. CHAIRMAN: There is no discrimination. We are a democracy. This is a symbolic gesture. This cannot be quoted by anyone. This is only a symbolic gesture, so that the opposition can participate. But hereafter I am not going to allow anyone. ...*(Interruptions)*...

SHRI P. WILSON: Sir, diverse views of all the Members should be there. ...*(Interruptions)*...

MR. CHAIRMAN: I am not considering the names of all the Members. I am considering both the sides. You have to understand that in a democracy both the sides are important. I am giving the opportunity to the opposition as a symbolic gesture. Nothing else. I am not for any discrimination. Please try to understand. Neeraj *ji*, please. ...*(Interruptions)*... Please listen to him.

[$]DISCUSSION ON THE WORKING OF THE MINISTRY OF ENVIRONMENT, FOREST AND CLIMATE CHANGE

श्री नीरज डांगी (राजस्थान): सभापति महोदय, आपने मुझे पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के कार्यकरण पर चर्चा करने का अवसर प्रदान किया, इसके लिए आपका

[$] Further discussion continued from the 9th March 2026.

Contents Page

बहुत-बहुत धन्यवाद। मैं आज यहां न सिर्फ आंकड़ों को रखूंगा, बल्कि उन लाखों लोगों की पीड़ा भी व्यक्त करना चाहूंगा, जिनकी सांसें प्रदूषित हवा में सिसक रही हैं, जिनके जंगल कट रहे हैं और जिनका भविष्य जलवायु परिवर्तन की आग में झुलस रहा है।

सर, भारत में पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को विकास की मांगों और पारिस्थितिक संरक्षण के बीच संतुलन बनाए रखने के अंदर बड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। मुख्य चुनौतियों में इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए जंगलों का बहुत ज्यादा इस्तेमाल करना, आदिवासियों के अधिकारों को धीरे लागू करना और जंगल की आग समेत क्लाइमेट चेंज का बढ़ता हुआ खतरा, ये तमाम चीजें शामिल हैं, जिनका सामना इस मंत्रालय को करना पड़ रहा है।

(**उपसभापति महोदय** *पीठासीन हुए।*)

सर, मैं राजस्थान से आता हूँ, इसलिए मैं अपनी बात की शुरुआत अरावली से करना चाहूंगा, क्योंकि जो कहानी अरावली की है, वही कहानी इस मंत्रालय की भी है। अरावली दुनिया की सबसे पुरानी पर्वत श्रृंखला है। यह दो अरब साल पुरानी है। 670 किलोमीटर लंबी यह पर्वत श्रृंखला गुजरात से होते हुए राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली तक फैली है। महोदय, अरावली सिर्फ पहाड़ नहीं है, बल्कि वह थार रेगिस्तान और हिंदुस्तान के उपजाऊ मैदानों के बीच खड़ी वह दीवार है, जो रेगिस्तान को रोकती है, जो मॉनसून को रोककर बारिश कराती है, जिसकी चट्टानें उस पानी को भूजल के लिए उतारती हैं। अगर अरावली कटेगी तो पूर्वी राजस्थान में बारिश नहीं होगी, बारिश कम होगी, खेती खत्म हो जाएगी, भूजल नीचे चला जाएगा और धूल भरी आँधियाँ राजस्थान से दिल्ली की ओर कूच करेंगी और थार पूर्व की ओर बढ़ेगा। ऐसे में पहले ही दिल्ली में प्रदूषण बहुत ज्यादा है, उस पर भी मैं आऊँगा। अगर इस तरह से अरावली हटती है तो धूल भरी आँधियाँ दिल्ली तक आएँगी, तो दिल्ली के क्या हालात होंगे, यह भी सोचने की ज़रूरत है।

वर्ष 2018 में सरकार की अपनी ही कमेटी ने पाया था कि 128 पहाड़ियों में से 31 पहाड़ियाँ गायब हो चुकी हैं। ये कैसे गायब हुई हैं? अवैध खनन से। दीवारों में दरारें पड़ गई हैं और जिस प्रकार की परिस्थितियाँ हैं, मैं उस पर प्रकाश डालने की कोशिश करूँगा।

अरावली के साथ सरकार ने क्या किया, उस पर मैं आना चाहूँगा। सुप्रीम कोर्ट ने मई, 2024 में निर्देश दिया था कि अरावली की एक समान परिभाषा बने। यह जरूरी था, क्योंकि हरियाणा और राजस्थान में इसकी स्पष्ट परिभाषा ही नहीं है। वहाँ अवैध खनन ने खुलेआम पहाड़ियों को खत्म कर दिया है। इसके लिए पर्यावरण सचिव की अगुआई में एक कमेटी बनी। इस कमिटी में एफ.एस.आई. (फॉरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया), सेंट्रल एम्पावर्ड कमेटी और राज्य सरकारों के प्रतिनिधि शामिल थे। एफ.एस.आई. के पास पहले से ही 2010 की एक परिभाषा थी, जो सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के आधार पर बनी थी। यह कमिटी पूरी श्रृंखला को—छोटी-बड़ी सभी पहाड़ियों को—एक इकाई मानकर संरक्षित करने की बात करती थी, लेकिन कमेटी ने एफ.एस.आई. की परिभाषा को छोड़ दिया और इस कमिटी ने सिफारिश की कि जो landform 100 मीटर या उससे अधिक है, वही अरावली है, बाकी अरावली नहीं है। ऐसे में स्वतंत्र रूप से खनन का कार्य किया जा सकता है, कोई संरक्षण नहीं रह जाता।

Contents Page

उपसभापति जी, एफ.एस.आई. ने राजस्थान में 12,081 पहाड़ी संरचनाओं को मैप किया था। इनमें से केवल 1,048 पहाड़ियाँ, यानी 8.7 प्रतिशत, सौ मीटर से ऊपर हैं। इसका मतलब यह हुआ कि 90 प्रतिशत से ज्यादा पहाड़ियाँ इस परिभाषा से बाहर हो जाती हैं और खनन के लिए स्वतंत्र हो जाती हैं। अब असली बात क्या है - यह परिभाषा बनी कैसे? अभी दस दिन पहले, 24 फरवरी, 2026 को सुप्रीम कोर्ट में एमिकस क्यूरी, के. परमेश्वर ने जो बताया, वह सदन को जानना आवश्यक है, क्योंकि पर्यावरण सचिव की अगुआई में जो कमेटी बनी थी, उसने एफ.एस.आई. की रिपोर्ट को पूरी तरह दबा दिया। एफ.एस.आई. के महानिदेशक ने 7 अक्टूबर, 2025 को ईमेल भेजा, जिसमें सौ मीटर की इस परिभाषा पर अपनी असहमति जताई थी। इससे पहले 22 सितंबर को एफ.एस.आई. ने मंत्रालय को एक विस्तृत अध्ययन भेजा था, जिसमें कम ऊँचाई वाली पहाड़ियों के पारिस्थितिक महत्व को भी दर्शाया गया था। उसमें यह भी कहा गया था कि ये छोटी पहाड़ियाँ भी आँधियों को रोकने में पूरी तरह सक्षम हैं। एमिकस क्यूरी ने बताया कि इन पहाड़ियों की घाटियाँ प्रति हेक्टेयर लगभग 20 लाख लीटर भूजल को रिचार्ज करने की क्षमता रखती हैं। यह यहीं खत्म नहीं हुआ। सेंट्रल एम्पावर्ड कमेटी के अध्यक्ष सिद्धांत दास ने 14 अक्टूबर को पत्र लिखा कि कमेटी की रिपोर्ट उनके सामने रखी ही नहीं गई और उन्होंने इसको मंज़ूरी नहीं दी। इस मंत्रालय के हलफनामे में लिखा गया था कि सी.ई.सी. के विचार हैं, जो एक सदस्य के थे। जो रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट में दी गई, वह बिना हस्ताक्षर और बिना तारीख के पेश की गई।

महोदय, जरा सोचिए कि देश का पर्यावरण मंत्रालय, सुप्रीम कोर्ट का निर्देश, और मंत्रालय अपनी ही संस्था एफ.एस.आई. की राय को दबा देता है। सेंट्रल एम्पावर्ड कमिटी की राय गलत तरीके से पेश होती है। बिना हस्ताक्षर की रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट में पेश कर दी जाती है। किसके लिए? क्या खनन माफिया के लिए या रियल एस्टेट के लिए? किसे फायदा पहुँचाने की सोच थी, इसका भी खुलासा होना चाहिए। अरावली में silica है, quartz है, चूना-पत्थर है और यहां खनिज हैं। इस पहाड़ी को सरकार मिटाने के लिए तैयार है। राजस्थान में अरावली के संबंध में केंद्र सरकार के फैसले का जबरदस्त विरोध हुआ और जगह-जगह आंदोलन और प्रदर्शन हुए। सुप्रीम कोर्ट के आदेश और तमाम जनता के आक्रोश को देखते हुए सरकार को पीछे हटना पड़ा, झुकना पड़ा। राजस्थान की तरफ आपकी विशेष सहानुभूति होनी चाहिए। राजस्थान के प्रति विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए था, लेकिन लगता है कि शायद विशेष ध्यान कुछ विशेष लोगों पर दिया जा रहा है। अच्छी बात यह है कि मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत जी की पीठ ने दिसंबर में स्वतः संज्ञान लिया और 20 नवंबर के आदेश पर रोक लगा दी। नई विशेषज्ञ कमेटी बनाई गई, लेकिन सवाल तो यह है कि अगर जनता ने विरोध नहीं किया होता, अगर amicus ने सच सामने नहीं रखा होता, तो क्या होता? राजस्थान में एक कहावत है कि पहाड़ काटकर खाई भरोगे, तो खाई कहां जाएगी। मंत्रालय द्वारा यह विचार करने की बात है। इतना ही नहीं, हाल ही में केन्द्र सरकार ने Andaman and Nicobar Islands पर भी एक mega structure project को मंजूरी दी है। Congress Parliamentary Party की Chairperson आदरणीय श्रीमती सोनिया गांधी जी ने वन एवं पर्यावरण को लेकर अत्यंत चिंता व्यक्त की है और उन्होंने अपने लेख में सामने रखा है कि जो Nicobar Mega Infrastructure Project है, वह सरकार द्वारा किए गए उन तमाम गलत कार्यों में सबसे अग्रणी है और 72 हज़ार करोड़ रुपये का यह प्रोजेक्ट आइलैंड के आदिवासी समुदाय के

Contents Page

वजूद को खतरे में डालता है। दुनिया के सबसे अनोखे पौधों और जानवरों के ईको सिस्टम्स को भी खतरे में डालता है और इसे कुदरत के लिए ज्यादा कमज़ोर बना देता है। फिर भी बिना सोचे–समझे इसे आगे बढ़ाया गया और सभी कानूनों और सभी प्रक्रियाओं को नज़रअंदाज़ करते हुए इस मेगा इन्फ्रास्ट्रक्चर को मंज़ूरी प्रदान की गई। Greater Nicobar Island दो आदिवासी समुदायों का घर है, जिसमें indigenous communities, जिसमें Nicobarese and Shompen जनजाति खासतौर से असुरक्षित और कमज़ोर आदिवासी समूह है। Highly vulnerable tribal group के Nicobarese जनजाति के पूर्वजों के पुश्तैनी गांव इस प्रोजेक्ट के प्रस्तावित ज़मीनी इलाके में आते हैं। 2004 में हिंद महासागर में आई सूनामी के दौरान इन समुदायों को विस्थापित होना पड़ा था। इन्हें अन्यत्र स्थापित किया गया था। इनको अपने गांवों को खाली करना पड़ा और यह प्रोजेक्ट इन समुदायों को हमेशा के लिए हटा देगा, जिससे इनका अपने पुश्तैनी गांव में लौटने का सपना चूर-चूर हो जाएगा, टूट जाएगा। मैं इसमें कहना चाहूंगा कि Shompen लोगों के सामने और भी बड़ा खतरा है। Union Ministry of Tribal Affairs की तरफ से नोटिफाई की गई Island की Shompen policy के मुताबिक बड़े development proposal पर विचार करते समय अधिकारियों को ट्राइब्स की भलाई और एकता को प्राथमिकता देनी चाहिए। इसके बजाय इस प्रोजेक्ट को Shompen tribal reserve के एक बड़े हिस्से को denotify करता है। यह प्रोजेक्ट उस forest ecosystem को नष्ट करता है, जहां Shompen रहते हैं और आइलैंड पर बड़ी संख्या में tourists की आवाजाही का मामला बढ़ेगा। आखिरकार Shompen अपनी पूर्वजों की जमीन से सदैव के लिए कट जाएंगे और सामाजिक और आर्थिक जिंदगी जीना भी उनके लिए मुश्किल हो जाएगा। फिर सरकार क्यों इस जिद पर अड़ी है? एक ओर आदरणीय सोनिया गांधी जी अति चिंतित हैं और वे चाहती हैं कि इन असुरक्षित और कमजोर समुदायों को बचाया जाना चाहिए। उसके लिए वे कटिबद्ध हैं। दूसरी ओर सरकार इन समुदायों को संरक्षित करने के बजाय इन्हें खत्म करने पर उतारू है। मैं कहना चाहूंगा कि अरावली और निकोबार की ही हालत ऐसी नहीं है। यहां जब वायु प्रदूषण की बात करते हैं, तो वहां पर भी यही परिस्थितियां हैं। जब हम पॉल्युशन की बात करते हैं, तो हमने एक शब्द PM2.5 सुना होगा। What exactly is this PM 2.5? It is Particulate Matter 2.5. It is basically an impurity which is present in the atmosphere and goes into the lungs and respiratory system, to the blood stream and causes several respiratory and other diseases. इतना ही नहीं, लोग उससे मर रहे हैं। मैं कहना चाहूंगा कि Lancet Planetary Health में December 2024 में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार PM2.5 में हर 10 microgram की वृद्धि, मृत्यु दर में 8.6 per cent की वृद्धि करती है। 2025 Lancet Countdown के अनुसार भारत में हर साल 17.2 lakh लोग PM2.5 से मर रहे हैं। ऐसे में यह 2010 से 38 प्रतिशत अधिक है। दुनिया भर की वायु प्रदूषित मौतों में, भारत का जो प्रतिशत है, वह 70 प्रतिशत हिस्सा है। दुनिया के जो बाकी देश हैं, वे बाकी के 30 प्रतिशत हिस्से में आते हैं। आर्थिक लागत 30 करोड़ रुपये, जीडीपी का 9.5 प्रतिशत है। इसी सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय के तहत इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च ने लैंडसेट के निष्कर्षों का समर्थन किया था। 2017 में 12.4 लाख वायु प्रदूषण से हुई मौतें, कुल मौतों का 12.5 प्रतिशत हिस्सा है। लेकिन पर्यावरण मंत्रालय संसद में बार-बार कहता है - 2024 में, 2025 में, 2026 में कहता है कि ये मौतें निर्णायक रूप से स्थापित नहीं की जा सकती हैं। उपसभापति महोदय, आप समझ सकते हैं कि जो सरकार अपने लोगों की मौतें

Contents Page

गिरने से इन्कार करे, उनसे किस प्रकार की उम्मीद की जा सकती है - ये आंकड़े इस बात को दर्शाते हैं।

महोदय, अभी पिछले हफ्ते फिनलैंड के एक इंडिपेंडेंट रिसर्च ग्रुप, सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर द्वारा एनालाइज किए गए सेंट्रल पॉल्युशन कंट्रोल बोर्ड(सीपीसीबी) का पिछली सर्दियों में, अक्टूबर 2025 से फरवरी 2026 के डेटा का जो विश्लेषण किया गया था, उसमें 238 भारतीय शहरों में से 204 में औसत पीएम 2.5 का लेवल भारतीय स्टैंडर्ड, 40 माइक्रोग्राम पर मीटर क्यूब से ज्यादा दर्ज किया गया है। 238 में से एक भी शहर डब्ल्यूएचओ की सुरक्षित सीमा के भीतर नहीं है। 204 शहर भारत के अपने मानक से ऊपर हैं - जो मानक 2009 में बने थे, 17 साल पहले बने थे, वे शहर डब्ल्यूएचओ से आठ गुना कमजोर हैं। सीआरईए के अनुसार गाजियाबाद सबसे प्रदूषित शहर था, जहां औसत पीएम 2.5 कंसन्ट्रेशन 172 माइक्रोग्राम प्रति मीटर क्यूब था। इसके बाद नोएडा 166, दिल्ली 163 के नंबर से तीसरे पर है। एनालिसिस के अनुसार ग्रेटर नोएडा चौथा सबसे प्रदूषित, सबसे पॉल्युटेड शहर था। इसके बाद बहादुरगढ़, धारुहेड़ा, गुरुग्राम, भिवाड़ी, चरखी दादरी और बागपत स्थान थे। राजस्थान में 34 में से 33 शहर नेशनल एम्बिएंट एयर क्वालिटी स्टैंडर्ड्स से ऊपर थे, भिवाड़ी देश के 10 प्रदूषित शहरों में था और राजस्थान के गंगानगर, हनुमानगढ़ दुनिया के 20 सबसे प्रदूषित शहरों में थे। इसमें जयपुर, जोधपुर, कोटा, उदयपुर, अलवर आदि हमारे कुछ प्रमुख शहर भी हैं। महोदय, राजस्थान में जहां बच्चे खुली हवा में खेलते हैं - वहां पीएम 2.5 की सांस ले रहे हैं। अभी हाल ही में राज्य सभा के सांसद, अजय माकन जी द्वारा भी एक डेटा आधारित एनालिसिस सर्वे दिल्ली में किया गया था। उसमें 17 मॉनिटरिंग स्टेशन्स तय किए गए थे, जिसमें ऑवरली बेसिस पर पीएम 2.5 के डेटा को मॉनिटर किया गया था और दो दिनों के चौबीस घंटे की अवधि की तुलना की गई थी, जिसमें उन्होंने एक दिन होली का चुना, जो छुट्टी का दिन था, और एक सामान्य दिन, 3 मार्च और 4 मार्च चुना । एक दिन सवेरे सात बजे से लेकर दूसरे दिन सात बजे तक और होली के दिन, 4 मार्च को सवेरे सात बजे से लेकर अगले दिन सात बजे तक किया। यह पाया गया कि सभी 17 स्टेशन्स पर पीएम 2.5 में गिरावट आई और चौंकाने वाले डेटा सामने आए। शहर का जो औसत था, वह 134 से लेकर 89 माइक्रोग्राम पर मीटर क्यूब हुआ, जो -34 प्रतिशत रहा। आनंद विहार में -50 प्रतिशत, अशोक विहार में -48 प्रतिशत और मुंडका में -43 प्रतिशत था। इससे यह पता लगता है कि अगर सरकार चाहे तो दिल्ली रहने लायक हो सकती है। वाहन और निर्माण कार्य की धूल, दोनों ऐसे कारण हैं, जिनकी वजह से दिल्ली में आज ये परिस्थितियाँ बनी हुई हैं कि हम लोग सांस लेने में भी दिक्कत महसूस कर रहे हैं। ऐसे में एयर पॉल्यूशन का जो जवाब होना चाहिए था, वह होना चाहिए था - नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम। यह 2019 में शुरू हुआ और इससे 2024 तक, 20-30 प्रतिशत लक्ष्य में कमी हुई — अगर नहीं हुई, तो बढ़कर 40 प्रतिशत, 2025-26 तक रहा। 130 शहरों में 23 शहरों में 40 प्रतिशत हासिल किया गया, लेकिन 96 शहर - एनसीएपी शहरों में से 84 शहरों में पीएम 2.5 आज भी मानक से ऊपर है। 13,400 करोड़ से ज्यादा रुपये जारी हुए, 68 प्रतिशत सड़क धोने में खर्च हो गए, उद्योग पर 1 प्रतिशत से कम खर्च रहा और चालीस शहरों में पता ही नहीं है कि प्रदूषण कहां से आ रहा है? सबसे बड़ी बात यह है कि एनसीएपी अपना पैमाना पीएम 10 पर लगता है, लेकिन पीएम 2.5 पर नहीं, जो कि फेफड़ों में घुसता है, खून में जाता है और मार देता है। पीएम

Contents Page

10 पर अच्छे नंबर दिखाना आसान है। वही तरीका फिर से अपनाया जा रहा है, असली आंकड़ा छुपाओ और सिर्फ नंबर दिखाए जाएं। 2025-26 में इस मंत्रालय का बजट 4413 करोड़ था, लेकिन 2024-25 में 4,056 करोड़ में से मात्र 2,685 करोड़ खर्च हुआ। पारिस्थितिकीय और पर्यावरण मद में 1,388 करोड़ में से सिर्फ 549 करोड़ खर्च हुआ। पूर्वोत्तर के लिए 181 करोड़ का प्रावधान था और उसमें से शून्य खर्च हुआ। मैं समझता हूँ कि इन तमाम चीजों को देखने की आवश्यकता है। अगर हम यही स्थिति वायु प्रदूषण नियंत्रण की देखें, तो वहाँ भी परिस्थितियां बहुत ही गंभीर हो रही हैं।

अगर हम लोग जलवायु संकट की बात करें, तो यह भी मानव सभ्यता के लिए अस्तित्व का एक संकट बना हुआ है, जो कि संकट सामने आ रहा है। क्लाइमेट चेंज को लेकर इंटर गवर्नमेंटल पैनल ऑन क्लाइमेट चेंज लगातार चेतावनी दे रहा है। यदि तापमान वृद्धि को 1.5 डिग्री सेंटीग्रेड के भीतर नहीं रोका गया, तो आने वाले वक्त में कृषि पर, जल संसाधन पर, स्वास्थ्य और आजीविका पर इसके गंभीर प्रभाव पड़ेंगे, इसलिए सरकार को, मंत्रालय को इसे लेकर कड़े कदम उठाने की आवश्यकता है। भारत में जलवायु परिवर्तन का प्रभाव बुजुर्गों पर, खास तौर से 65 वर्ष और उससे अधिक उम्र के लोगों के ऊपर भी बहुत ज्यादा पड़ रहा है, क्योंकि उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता वृद्धावस्था में कम हो जाती है। तापमान बिगड़ जाता है और पुरानी बीमारियाँ ज्यादा होती हैं। ऐसे में कई तरह की बीमारियां - डिहाइड्रेशन, हार्ट अटैक और तीव्र गुर्दे की क्षति भी बहुत ज्यादा सामने आ रही हैं। आजकल देखने को मिल रहा है कि परिस्थितियाँ बहुत ज्यादा गंभीर होती जा रही हैं। अगर हम लोग देखेंगे, तो पाएंगे कि पिछले वर्ष जलवायु आपदाएं भी लगातार बढ़ी हैं। चाहे राजस्थान की बात कीजिए, ग्लोबल वार्मिंग देख लीजिए या लंबी हीट वेव देख लीजिए, जो पूरे साल चली, वह राजस्थान में देखने को मिली। पंजाब में भी बाढ़ के हालात बने। विजयवाड़ा सिटी में भी भारी बारिश की परिस्थितियाँ बनीं। बिहार, वेस्ट बंगाल, हिंदुस्तान के तमाम राज्यों में पिछले साल बड़े गम्भीर हालात रहे।

सर, हम अब वनों की बात करते हैं। वन विनाश की एक कड़वी सच्चाई है। सरकार गर्व करती है कि 25.17 परसेंट वन क्षेत्र हो गया है, लेकिन मंत्री जी ने स्वयं संसद में कुबूल किया था कि 2013 तक 1,73,396 हेक्टेयर वनों को विकास के नाम पर काट दिया गया। प्रकृति जंगल कार्बन सोखने में 40 गुना माहिर है, लेकिन सरकार इन्हें काटकर प्लांटेशन ...(**समय की घंटी**)... सर, मैं अर्लिएस्ट कन्क्लूड करूंगा।

सर, इसमें तमगा यह लगा दिया जाता है कि यह वन संरक्षण के लिए किया जा रहा है। यह संरक्षण नहीं, बल्कि एक [£] है। एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत 102 करोड़ पेड़ तो लगे, लेकिन जिंदा कितने हैं, यह भी जानने की जरूरत है। उपसभापति महोदय, इसका कोई ऑडिट नहीं है। जंगल कट रहे हैं और हम मूकदर्शक बने हुए हैं।

उपसभापति महोदय, मैं कन्क्लूड करूंगा। अंत में मैं कहना चाहूंगा कि पीएम 56 इंच को पीएम 2.5 की सच्चाई नजर नहीं आ रही है। यह सरकार की सबसे बड़ी विफलता है। कुल मिलाकर पर्यावरण, वन और जलवायु मंत्रालय को अपनी कार्यशैली को अत्यधिक प्रभावशाली

[£] Exupnged as ordered by the Chair.

Contents Page

बनाने की आवश्यकता है, जो देश के प्रति सकारात्मक रहे। ...(**समय की घंटी**)... इसे और सकारात्मक बनाने की आवश्यकता है। इस मंत्रालय को बहुत कुछ करने की जरूरत है। बहुत-बहुत धन्यवाद। जय हिंद।

श्री उपसभापतिः नीरज डांगी जी, धन्यवाद। माननीय मंत्री, आप अपना जवाब दीजिए। ...(**व्यवधान**)...

SHRI P. WILSON: Sir, please allow us. ...*(Interruptions)*...

श्री उपसभापतिः माननीय मंत्री जी। ...(**व्यवधान**)... प्लीज, प्लीज। माननीय मंत्री जी। ...(**व्यवधान**)... माननीय चेयरमैन ने ऑलरेडी स्पष्ट कर दिया है। ...(**व्यवधान**)... Please take your seats. Nothing will go on record. ...*(Interruptions)*... माननीय मंत्री जी, आप अपना जवाब दीजिए।

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री (श्री भूपेन्द्र यादव): माननीय उपसभापति महोदय, मैं सबसे पहले तो आपका आभार व्यक्त करना चाहता हूँ कि पिछले दो दिनों में... ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापतिः आप बोलिए। वही रिकॉर्ड पर जाएगा।

श्री भूपेन्द्र यादवः पिछले दो दिनों में आपने वन और पर्यावरण मंत्रालय पर एक व्यापक चर्चा को सदन में रखने का अवसर प्रदान किया है। ...(**व्यवधान**)... इस चर्चा में लगभग 9 राजनीतिक दलों से 13 से ज्यादा सांसदों ने हिस्सा लिया। ...(**व्यवधान**)...

SHRI P. WILSON: Mr. Deputy Chairman, Sir, you are not allowing us.... ...(*Interruptions*)... We are walking out.

(At this stage, some hon'ble Members left the Chamber.)

श्री भूपेन्द्र यादवः कल एआईएडीएमके से डा. एम. धनपाल ने भाषण दिया था।

श्री उपसभापतिः माननीय मंत्री जी, माननीय चेयरमैन ने स्थिति ऑलरेडी स्पष्ट कर दी है। आपको बोलना है।

श्री भूपेन्द्र यादवः माननीय उपसभापति जी, यह दो दिन की चर्चा बहुत व्यापक, बहुत सामयिक, समावेशी रही है और सदस्यों ने तात्कालिक विषयों पर चिंता व्यक्ति की है। इसके साथ ही साथ उन्होंने अपने दीर्घकालिक उपायों को भी सदन में सबके सामने रखा। जब किसी भी मंत्रालय पर चर्चा होती है, तो उसका हेतु भी यह होता है कि जिन तथ्यों के बारे में संशय हो, उनका स्पष्टीकरण हो और मंत्रालय की जो कार्य-योजना है, वह कार्य-योजना सबके सामने रखी जाए और सदस्यों के जो मूल्यवान सुझाव हैं, उनके आधार पर भी आगे की पॉलिसी डिसीजन में सरकार कार्य करे।

Contents Page

माननीय उपसभापति महोदय, मैं माननीय प्रधान मंत्री जी को भी धन्यवाद देना चाहता हूं कि विगत 10 वर्षों के उनके शासनकल में पूरे देश में पर्यावरण के संतुलन के विकास के आधार पर हम लोग आगे बढ़े हैं। मैं चर्चा को आगे बढ़ाऊं, उससे पहले कुछ तथ्य आपके सामने रखना चाहूंगा। 2014 में जब हम सरकार में आए थे, तब देश में जो प्रोटेक्टेड एरियाज़ थे, उनकी संख्या 757 थी। आज 2026 में देश में जो प्रोटेक्टेड एरियाज़ हैं, उनकी संख्या 1,134 है। मैं यहां पर केवल 10 साल की बात कर रहा हूं कि भारत ने 10 साल में किस प्रकार से पर्यावरणीय विकास की यात्रा की है। मैं उन उपलब्धियों को यहां रख रहा हूं, जो प्रधान मंत्री जी के विजन के कारण इस देश ने 10 सालों में महसूस की है। 2014 में जो टोटल प्रोटेक्टेड एरियाज़ थे - जयराम जी, आप लिख लीजिए। बाद में आपको कभी ट्वीट करने के काम आएगा। ...(**व्यवधान**)...

श्री जयराम रमेश (कर्नाटक): आपका खंडन भी करना है।

श्री भूपेन्द्र यादवः ट्वीट करना, यहां सदन में मत बोलना। आप सदन में बोलते, तो मैं आपको जवाब भी देता। ...(**व्यवधान**)... वे ट्वीट करते हैं, सामने नहीं बोलते हैं। टोटल अंडर प्रोटेक्टेड एरिया 1,68,838.37 स्क्वायर किलोमीटर था। 2025 की रिपोर्ट के अनुसार यह अब बढ़कर 1,87,162.91 स्क्वायर किलोमीटर हो गया है। 2024 में हमारे देश में 103 नेशनल पार्क्स थे। आज 2026 में 106 हो गए हैं। देश में जो वाइल्ड लाइफ सैंचुरीज़ थीं, वे 2024 में 539 थीं, जो कि आज बढ़कर 574 हो गई हैं। विशेष रूप से जब हम जन, जंगल और जमीन की बात करते हैं, तो जो कम्युनिटी रिज़र्व्स हैं, वे 2014 में 48 थे, जो आज बढ़कर 309 हो गए हैं। जो कन्ज़र्वेशन रिजर्व थे, पहले उनकी संख्या 67 थीं, आज उनकी संख्या बढ़कर 145 हो गई है। इस देश में हमें गर्व है कि हमने 50 साल में टाइगर कंजर्वेशन में उपलब्धियां हासिल की हैं, सभी सरकारों ने की हैं। 2015 में टाइगर की जो पॉपुलेशन थी, वह 2,226 थी, जो अब 2026 में बढ़ कर, जो पूरी एक्सरसाइज़ होती है, 3,682 हो गई है और दुनिया के 70 परसेंट वाइल्डलाइफ टाइगर्स हमारे पास हैं। 2014 तक देश में केवल 47 टाइगर रिज़र्व्स थे, आज उनकी संख्या बढ़ कर 58 हो गई है। 2014 में देश में 26 एलिफैंट रिज़र्व्स थे, आज उनकी संख्या बढ़ कर 33 हो गई है। 2014 में देश में जो लॉयन की पॉपुलेशन थी, वह 523 थी, आज वह बढ़ कर 891 हो गई है। आज जब अफ्रीका में भी लॉयन की संख्या में गिरावट आ रही है, हमारे यहां उनको प्रोटेक्ट करते हुए, उनके कंजर्वेशन, प्रोटेक्शन को आगे बढ़ाते हुए जो विषय है, वह भारत में हो रहा है और हमारे यहां उनकी संख्या बढ़ रही है। 2014 तक जल की, वॉटर की जो एक महत्वपूर्ण स्पीशीज़ थी - डॉल्फिन, उसका कभी भी एस्टिमेशन नहीं होता था। हमने सरकार में आने के बाद प्रोजेक्ट डॉल्फिन को प्रारंभ कराया, उसका नेशनल लेवल का सर्वे कराया और उस सर्वे में डॉल्फिन की संख्या का जो एस्टिमेशन है, वह रिलीज किया। 2025 में हमने डॉल्फिन का जो फर्स्ट एस्टिमेशन कराया है, अब देश के अंतर्गत 6,327 रिवर डॉल्फिंस हैं और हम उनके प्रिजर्वेशन, कंजर्वेशन का कार्य कर रहे हैं।

सर, इस देश में जो फॉरेस्ट कवर था, 2013-14 की फॉरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया की जो रिपोर्ट है, जिस रिपोर्ट को पूरी दुनिया में मान्यता दी जाती है, इस देश में फॉरेस्ट कवर 2013-14 की रिपोर्ट में 7,01,673 था, वह बढ़ कर 2021-22 में 7,15,342 हो गया है। इसलिए डांगी जी, आपको गलत रिपोर्ट देकर खड़ा किया गया है। यह एफएसआई की रिपोर्ट है। ...(**व्यवधान**)...

Contents Page

अच्छा, आप बोलेंगे, फिर मैं और आंकड़े भी दूंगा, जो आपने गलत बोला है। ...(**व्यवधान**)... आप सुन लीजिए। मैंने आपको सुना है, आप मुझे प्रेम से सुनिए। दूसरा, जो ट्री कवर ऑफ इंडिया है, वह 92,572 था, जो बढ़ कर 1,12,014 हुआ है। उसके बाद प्लांटेशन का जो टोटल एरिया है, वह बढ़ा है। रिकॉर्डेड फॉरेस्ट एरिया भी, जो आईएसएफआर की रिपोर्ट है, उसमें वह बढ़ कर काफी ज्यादा हुआ है। देश में जो मैंग्रोव कवर है, वह 4,740 था, वह बढ़ कर 4,991 हुआ है। मैं रिकॉर्डेड फॉरेस्ट एरिया को वापिस से पढ़ना चाहूंगा। वह 7,64,566 था, वह बढ़ कर 7,75,377 हुआ है।

इसके साथ ही साथ, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी भारत ने अपने एनडीसी के टारगेट्स दिए। हमने दुनिया के सामने यह टारगेट दिया कि हम अपनी Emission Intensity of GDP by 45 per cent 2030 में हासिल करेंगे, जो 2005 के लेवल के हिसाब से होगा। 2026 में भारत ने यूएनएफसीसीसी में अपने जो टारगेट्स दिए, भारत ने उसको 36 परसेंट हासिल करने का काम किया, जो भारत का ट्रैक रिकॉर्ड दिखाता है। उसके साथ ही, 2014 में हमारे यहां पर क्यूमुलेटिव इलेक्ट्रिक पावर की कैपेसिटी, जो फॉसिल फ्यूल बेस्ड से अलग थी, जिसको हम ग्रीन एनर्जी कहते हैं, वह 30.3 परसेंट थी, जो 2025 में बढ़ कर 51 परसेंट हुई है। उसके साथ ही साथ अगर consumption of ozone-depleting substances की बात है, तो उस अपडेट में भी हम आगे बढ़े हैं। बहुत सारे सदस्यों ने यह बताया है कि 2014 में हमारे देश में केवल 26 wetlands थीं, आज प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में बढ़कर 98 wetlands को Ramsar sites का दर्जा दिलाने का काम हमने किया है। उसके साथ ही साथ उसके क्षेत्रफल में भी वृद्धि हुई है। धरती के द्वारा दिये हुए जो सबसे बड़े उपहार हैं, वे हमारे biosphere reserves हैं। आज इंडिया में पिछले 10 सालों की उपलब्धि में आप देखें, तो अब 18 designated biosphere reserves हैं। हमारे ये जो 18 designated biosphere reserves हैं, उनमें से 12 को UNESCO के World Network Biosphere Reserves में भी शामिल किया गया है, जो मनुष्य और प्रकृति के लिए दुनिया की सबसे बड़ी धरोहर हैं।

महोदय, उसके साथ ही हमारे जो BSI और ZSI के institutes हैं, उन्होंने plant species के बारे में भी कार्य किया है। भारत द्वारा NDC में दिया गया जो अपना संकल्प है, उसके हिसाब से हमने देश में additional carbon sink create करने का भी काम किया है। यह मैंने इसीलिए प्रारंभ में बताया है कि अपनी 10 वर्षों की यात्रा में माननीय प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में भारत ने पर्यावरण के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं।

माननीय उपसभापति महोदय, हमारे मंत्रालय के तीन बड़े विषय हैं। पहला - environment, दूसरा - forests और तीसरा - climate change. ये विषय हमारे मंत्रालय के mandate के अंतर्गत आते हैं। मैं आपको यह कहना चाहता हूं कि हम उन पर्यावरणीय मानकों को निर्धारित करते हैं, जो पर्यावरणीय मानक इस देश के किसी भी विकास के कार्यों के साथ जुड़ने चाहिए, क्योंकि हम सब यह मानते हैं कि जितनी भी मानव आधारित गतिविधियां इस पूरे कार्यकाल में या पूरे संसार में होती हैं, उन गतिविधियों में हम विकास के साथ-साथ पर्यावरणीय मानकों को भी बनाए रखने का काम करें। इसलिए हम यह मानते हैं कि हमारे मंत्रालय में जो सबसे बड़ा विषय है और जो माननीय प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में हम पूरे देश में एक governance

Contents Page

के model को लेकर के आए हैं, वह Whole-of-Government approach है। Whole-of-Government approach का मतलब यह है कि हम silos में काम नहीं करें। हम silos से निकल करके एक साथ कार्य करें। कल जब अयोध्या रामी रेड्डी जी कह रहे थे, तो वे भी कह रहे थे कि आपको मंत्रालय में एक approach के साथ सारे institutions में काम करना चाहिए। हमारे मंत्रालय के अंतर्गत, चूंकि मैंने पिछले 4 वर्षों में इस मंत्रालय को देखा है और इस मंत्रालय का मंत्री बनने के बाद मुझे गर्व होता है कि इस मंत्रालय के पास पिछले 100 वर्षों की परंपरा के best institutes हैं, जो forestry के मामले में, science के मामले में, research के मामले में और taxonomy के मामले में बहुत अच्छे और बेहतरीन institutes हैं। लेकिन जब हम मंत्री बने ...(**व्यवधान**)...

श्री जयराम रमेश: ये 2014 के पहले बनाए गए थे।

श्री भूपेन्द्र यादव: हां, पहले बनाए गए थे। ...(**व्यवधान**)... अच्छा, 100-100 साल से बने हुए हैं। 1947 से भी पहले बने थे। ...(**व्यवधान**)... जयराम जी, आप और हम, दोनों जानते हैं, लेकिन मैं बताता हूं कि क्या हुआ। आप भी मंत्री रहे हैं और आपके बाद हमने भी उत्तराधिकार में यह विषय लिया। ...(**व्यवधान**)... पूरा तो बोलने दीजिए। हमने भी यह विषय लिया।

माननीय उपसभापति महोदय, ये जो 16 institutes थे और यह मंत्रालय भी 80s के दशक में, 1986 में अस्तित्व में आया। पहली बार ऐसा महसूस हुआ, जब प्रधान मंत्री जी ने कहा कि Whole-of-Government, Whole-of-Department की approach होनी चाहिए। हमने देखा था कि हमारे इस ecosystem में BSI, ZSI, IIFM, ICFRE, FSI, WII जो institutes हैं, ये कभी एक साथ नहीं बैठते थे। जब 2020 में हमने कहा कि यह जो Whole-of-Governance का process, जो कि प्रधान मंत्री जी का governance का एक concept है, इसमें क्या कभी ये डिपार्टमेंट्स आपस में बैठे, तो पता चला कि ये डिपार्टमेंट्स आपस में कभी नहीं बैठे। इसलिए मंत्रालय ने प्रधान मंत्री जी के विजन को लेते हुए, हम लोगों ने एक informal body बनाई, जिसका नाम हमने 'NIRANTAR' रखा। हमारी यह जो 'NIRANTAR' बॉडी है, इसका पूरा नाम है - National Institute for Research and Application of Natural Resources to Transform, Adapt and Build Resilience. मंत्रालय ने यह जो informal अपना 'निरंतर' का एक प्लेटफॉर्म बनाया, इसमें सबसे बड़ी बात यह हुई कि हमने उसके चार डिपार्टमेंट किए ताकि "Whole of the Department" की अप्रोच के आधार पर ही पॉलिसी इंटरवेंशन हो। सबसे पहला, "Ecosystem and Survey Analysis", दूसरा, "Research and Management of Ecosystem Services", तीसरा, "Capacity Building Support" और चौथा, "Climate Change Support." मेरा यह मानना है कि मंत्रालय बनने के बाद लगातार तीन महीने, चार महीने में इस 'निरंतर' प्लेटफॉर्म के माध्यम से हमने एक होलिस्टिक अप्रोच के साथ इस देश के पर्यावरण की जो तीनों चुनौतियाँ हैं - पहला, 'Environment Clearance" के विषय, दूसरा, हमारे देश के "Forest और Biodiversity" के विषय, तीसरा, "Climate Change" के विषय - उसको "Whole of the Department" की अप्रोच के साथ काम करना शुरू किया।

Contents Page

माननीय उपसभापति जी, इस देश में सारे सदस्य हमें यह बताते हैं कि आप एन्वायर्नमेंट के लिए ऐसे मानक तय करें, जिससे हम लोग एन्वायर्नमेंट के स्टैंडर्ड को बना सकें। यही कारण है कि मंत्रालय ने पिछले दो सालों में कुछ नई गाइडलाइन्स शुरू कीं। सबसे पहला "Introduction of Registered Environment Auditors" है। हम लोग यह जो एन्वायर्नमेंट ऑडिटर लेकर आए हैं कि जैसे जो भी इंडस्ट्री लगती है, तो उसके लिए जैसे हम लोग एक फाइनेंशियल ऑडिट देते हैं, हम अपनी कैपसिटी का ऑडिट देते हैं, सोशल ऑडिट करते हैं, ऐसे ही एक सेल्फ एन्वायर्नमेंट ऑडिटर के संस्थान के माध्यम से एन्वायर्नमेंट ऑडिट आना चाहिए। पर, मैं यह मानता हूँ कि इन रूल्स के बाद एक नया परिवर्तन आएगा और प्रधान मंत्री जी जिसको रिफॉर्म कहते हैं, उन रिफॉर्म्स के तहत यह हमारे मंत्रालय का हिस्सा है। दूसरा, हमने "Cosent to Operate" has been made perpetual किया है। इसको करने के बाद जो सबसे बड़ी बात हुई है, वह यह है कि देश में जो इंडस्ट्री में एक भय और निराशा का वातावरण रहता था, उनको ज्यादा ईज़ आउट करने की बात की गई है। उसके साथ ही हमने "Consolidated Single Consent for handling of all hazardous and other Wastes" भी किया है और उसमें स्पेशल प्रोविजन, विशेष रूप से माइक्रो और स्मॉल यूनिट के लिए करने का काम किया है। उसके बाद इन रिफॉर्म्स को आगे बढ़ाते हुए एन्वायर्नमेंट क्लियरेंस के हिसाब से हम कुछ और नए प्रोविजन्स लेकर के आए हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि हमने इसमें अपनी डिजिटल कैपेसिटी को बढ़ाने का काम किया है। इस देश में एक समय था, अब मैं यह नहीं कहूँगा कि इनकी सरकार के समय होता था, क्योंकि पूरा देश जानता है कि इस देश में एक समय था, जब एन्वायर्नमेंट क्लियरेंस लेने में 600 दिन लगा करते थे। 600 दिन का अर्थ है कि अगर कोई आदमी इंडस्ट्री लगाने की सोचता था, तो उसको एन्वायर्नमेंट क्लियरेंस तीन साल बाद मिलती थी। आज यह परिस्थिति निर्मित हुई है कि यह जो एन्वायर्नमेंट क्लिरेंस है, उसको हम 90 दिन से भी कम समय पर लेकर आए हैं। हमने उस तीन साल को तीन महीने में लाने का काम किया है। यह तीन महीने में लाने का कार्य कैसे हुआ है? यह तीन महीने में लाने का काम सरकार के डिजिटल एंपावरमेंट को बढ़ा कर हुआ है। 2018 में हम 'परिवेश' लेकर के आए। 'परिवेश' पोर्टल के माध्यम से, क्योंकि जैसे मैंने बताया कि हमारे 16 डिपार्टमेंट थे और कभी डिपार्टमेंट आपस में एक-दूसरे के साथ नहीं बैठते थे। हम उनके डिस्कशन के लिए 'निरंतर' जैसा एक प्लेटफॉर्म लेकर आए। उसी प्रकार से, फाइलें भी कभी आपस में बात नहीं करती थीं। कभी एन्वायर्नमेंट क्लियरेंस की फाइल होती थी, तो वाइल्डलाइफ की फाइल से बात नहीं होती थी, वाइल्डलाइफ की होती थी, तो सीआरजैड से बात नहीं होती थी। अब हमने सारे सिस्टम को इंटीग्रेट करने का काम किया। इंटीग्रेट करने के इस काम के साथ-साथ जब यह 'परिवेश' आगे बढ़ा, तो फिर हम दो साल पहले 'परिवेश 2.0' लेकर आए। 'परिवेश 2.0' में हमने जो सबसे बड़ी बात की, वह यह है कि जो प्रोजेक्ट प्रोपोनेंट है, जो अपना प्रोजेक्ट लगा रहा है, वह ट्रांसपेरेंसी के साथ देखे कि मेरी फाइल कहां रुकी हुई है और उसका यह परिणाम हुआ कि देश में आज 'परिवेश' एन्वायर्नमेंट में कोई भय का वातावरण निर्मित नहीं करता है। यह ट्रांसफॉर्मेंसी, परफॉर्मेंस और गवर्नेस में जो स्टैंडर्ड है, उसका काम करता है। 'परिवेश' आज प्रधान मंत्री जी के डिजिटल एंपावरमेंट का एक बहुत बड़ा सशक्त हस्ताक्षर बना है, जो देश की प्रगति में सहायक हो रहा है। इसके साथ ही, परिवेश में इतना करने के बाद अब हम परिवेश 3.0 की ओर जा रहे हैं और परिवेश 3.0 के साथ-साथ हम एन्वॉयर्नमेंट क्लियरेंस को और

Contents Page

आगे करने जा रहे हैं। उसके साथ ही साथ, आज देश में जो सबसे बड़ी चुनौती है, वह सर्कुलर इकोनॉमी है। हमने नीति आयोग के साथ मिलकर बहुत सारे रूल्स पर काम करना शुरू किया है। आज सर्कुलर इकोनॉमी देश की सबसे बड़ी ताकत बन रही है, इसलिए पिछले एक साल में हमारे मंत्रालय के द्वारा, चाहे ई-वेस्ट का विषय हो, चाहे यूज्ड ऑयल का विषय हो, चाहे इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट का विषय हो, उनके लिए रूल्स बनाकर लगातार गाइडलाइंस बनाने का काम किया गया है। शहरी क्षेत्रों में हम बहुत ज्यादा चुनौतियों को देख रहे हैं। विशेष रूप से, कांग्रेस के सदस्य और बाकी सदस्य भी प्रदूषण में पीएम-10 की बात करते हैं। शहरी क्षेत्रों में जो कंस्ट्रक्शन और डेमोलिशन होता था, उनके लिए पहले कभी कोई नियम और कानून नहीं थे कि वे किस प्रकार से किए जाएँ। अब हमने कंस्ट्रक्शन एंड डेमोलिशन के लिए भी रूल्स को लागू करने का काम किया है। उसके साथ ही, शहरी क्षेत्रों में जो सबसे बड़ा विषय है, वह वेस्ट का है, सॉलिड वेस्ट का है। सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के बारे में भी यह तय किया गया है कि जहाँ पर 20 हजार मीटर से ज्यादा के आवासीय क्षेत्र हैं या जो लोग 100 किलो से ज्यादा कचरे का उत्पादन करते हैं, उनके लिए रूल्स क्या होंगे। हमने सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स को लागू करके एक बड़े रिफॉर्म को करने का काम किया है।

मैं इसके साथ यह भी कहना चाहता हूँ कि जब यह विषय आता है, तो कई बार लोग कहते हैं कि मैक्सिमम गवर्नेंस, मिनिमम गवर्नमेंट कैसे होगा। जैसा मैंने बताया है कि एन्वॉयर्नमेंट में भी हम एक ऑडिट सिस्टम लेकर आए हैं, ताकि लोग सेल्फ रिलायंट होकर एन्वॉयर्नमेंट को मेजर कर सकें। उसी प्रकार से, इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट के लिए अब हम ईपीआर पोर्टल लेकर आ रहे हैं और उसके लिए भी हम लोग काम कर रहे हैं। जो एक और बड़ी चुनौती है और सभी सदस्यों की चुनौती है, वह सिंगल यूज प्लास्टिक की है। हमने सिंगल यूज प्लास्टिक को बैन करने का काम भी किया है। उसके साथ ही साथ, सॉलिड वेस्ट में भी जो चारों तरह के वेस्ट्स हैं, चाहे वेट वेस्ट है, ड्राई वेस्ट है, सेनेटरी वेस्ट है और स्पेशल केयर वेस्ट है, उनको भी हमने मैंडेटरी बनाने का काम किया है। मुझे लगता है कि सरकार इन रिफॉर्म्स के द्वारा काफी बड़े परिवर्तन लेकर आई है।

इसके साथ ही साथ, फ्लाई ऐश और थर्मल पावर प्लांट्स की जो इल्लीगल डंपिंग थी, वहां भी रूल्स और रेगुलेशंस की आवश्यकता थी। उसको भी हम रिफॉर्म्स के साथ लेकर आए हैं। देश में एक बहुत बड़ी चुनौती यह थी कि जो कंटेमिनेटेड साइट थी, वहां पर बहुत बड़ा अवशिष्ट और हेज़र्डियस वेस्ट था। आपने देखा होगा कि सुप्रीम कोर्ट के ऑर्डर के बाद हमने भोपाल के यूनियन कार्बाइड के वेस्ट को भी पिछले दो सालों में पूरे तरीके से डिस्पोज ऑफ करने का काम किया है। माननीय शिवराज जी भी यहां बैठे हैं। वहां जो एक बहुत बड़ा वेस्ट था, उसको समाप्त करके भारत ने दुनिया को यह दिखाने का काम किया है कि हमने किस तरीके से इस पूरे वेस्ट को समाप्त किया है। हमें ये रूल्स इसलिए बनाने पड़े, क्योंकि हम यह जानते थे... ...(**व्यवधान**)...

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री; तथा ग्रामीण विकास मंत्री (श्री शिवराज सिंह चौहान): ये सारा वेस्ट तो छोड़कर ही गए थे! ...(**व्यवधान**)...

Contents Page

श्री भूपेन्द्र यादवः ये तो बहुत कुछ छोड़कर गए थे, ठीक अब हम कर रहे हैं। ...(**व्यवधान**)... आप कुछ बोलेंगे, जयराम जी?

श्री जयराम रमेशः मैं कुछ बोलूँ?

श्री भूपेन्द्र यादवः हाँ, बोलिए।

श्री जयराम रमेशः जब हमने प्रयास किया, तो मध्य प्रदेश के तत्कालीन मुख्य मंत्री ने आपत्ति जताई थी। 2010 में मुख्य मंत्री कौन थे और राज्य सरकार की आपत्तियां क्या थीं? इतिहास में मत जाइए। मैं आपको इतिहास बता सकता हूँ। यहां रामी रेड्डी जी बैठे हुए हैं, रामकी बैठे हुए हैं। रामकी की कंपनी, इन्हीं की कंपनी पीथमपुर में थी और तब के मुख्य मंत्री ने क्या कहा? इतिहास के बारे में मत बोलिए।

श्री शिवराज सिंह चौहानः जयराम जी, इतिहास तो यह है कि लोग शिकायतें करते रहे कि यूनियन कार्बाइड से रिसाव हो रहा है। वे चेतावनी देते रहे, लेकिन तब तत्कालीन सरकार और मुख्य मंत्री सोते रहे।

श्री उपसभापतिः माननीय भूपेन्द्र जी।

श्री भूपेन्द्र यादवः माननीय उपसभापति जी, मेरा पिछले 30 मिनट का भाषण इस बात का साक्षी है कि मैं तो 10 साल पर ही बोला हूँ, इतिहास पर बोला कहां हूँ? इतिहास तो आप छेड़ रहे हो और उस इतिहास की जो सबसे बड़ी कमजोरी थी, वह यह थी कि आपकी इंटेंशन सही नहीं थी। अगर intention सही होती, तो उस समय ही यह solve हो जाता और GST भी लागू हो जाता। ...(**व्यवधान**)...

श्री जयराम रमेशः जीएसटी का विरोध किसने किया था? ...(**व्यवधान**)...

श्री भूपेन्द्र यादवः मैंने जो विषय रखा है, वह दस साल की उपलब्धियों का रखा है। दस साल में हमने किस प्रकार से इस देश में जो लंबे समय तक एक site थी, जिसके बारे में यह माना जाता था कि इसे समाप्त होना चाहिए, उसे समाप्त किया। मेरा कहना था कि जो आज हम बाकी के 69 sites के contamination के लिए rules लेकर आए हैं, अगर आप पहले ले आते तो उसे भी हम पूरा कर देते। अब हम rules भी लाए हैं और उसे पूरा करने का काम भी करने जा रहे हैं। यह हमारे देश के लिए एक बहुत बड़ा संकल्प है।

इसके अलावा, जैसा कि मैंने बताया, हमने solid waste के लिए rules बनाए। हमने construction and demolition waste के लिए rules बनाए। हमने Environment Protection (Management of Contaminated Sites) Rules बनाए हैं। एक और बड़ा विषय है — Extended Producer Responsibility for Non-Ferrous Metal Scrap Rules. ये ऐसे विषय हैं जिनका हम उपयोग भी कर सकते हैं। इसमें पहले किसी प्रकार की स्पष्ट व्यवस्था नहीं थी, इसलिए हमने इसमें reform करके rules बनाने का काम किया। देश में vehicular pollution भी

Contents Page

एक बड़ा विषय था। इसके लिए End of Life Vehicle Rules की आवश्यकता थी। उसे भी हमने 2025 में लागू किया है। इसके साथ-साथ एक और महत्वपूर्ण विषय है, क्योंकि हम EV की भी बात करते हैं कि हमें futuristic reforms में किस प्रकार पहले से regulation बनाने चाहिए। इसी दिशा में हमने 2025 में Battery Waste Management के Amendment rules बनाए और implementation of EPR portals for waste streams के लिए भी कार्य किया।

माननीय उपसभापति महोदय, मैं चाहता तो यह बहुत बड़ा विषय आपके सामने रख सकता था, लेकिन मैंने केवल rules का उल्लेख इसलिए किया है क्योंकि सभी सदस्य इन rules पर ध्यान देते रहते हैं और अपने-अपने क्षेत्रों में भी सक्रिय रहते हैं। एक और सबसे बड़ा कार्य जो हमारे मंत्रालय ने माननीय प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में किया है, वह है रोजगार के अवसर बढ़ाना। कई मंत्रालयों में लंबे समय से पद रिक्त थे। इसलिए आपने देखा होगा कि पिछले दो-तीन वर्षों में स्वयं प्रधान मंत्री जी ने रोज़गार मेले आयोजित किए हैं। यदि आप पिछले तीन वर्षों को देखें तो 18 रोज़गार मेले आयोजित किए गए। भारत सरकार ने 'whole of the Government approach' के साथ युवाओं को रोजगार देने का काम किया। अभी 24 जनवरी, 2026 को भी एक रोज़गार मेला आयोजित हुआ। हमारे मंत्रालय में कुल 3486 posts रिक्त थीं, जो vacant थीं, उनमें से 2111 posts को भरने का काम किया गया है, यानी लगभग 70 percent से अधिक posts को भरने का कार्य किया गया है।

देश में कर्मचारियों और मंत्रालय की capacity बढ़ाने के लिए Mission Karmayogi के माध्यम से एक बड़ा approach का कार्यक्रम प्रधान मंत्री जी के द्वारा शुरू किया गया। हमारे मंत्रालय में Mission Karmayogi और स्वच्छ भारत अभियान — इन दो बड़े विषयों को लेकर आगे बढ़ने का काम किया गया।

माननीय उपसभापति जी, जहाँ एक तरफ environment के क्षेत्र में हमने नई-नई चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए नए rules के माध्यम से reforms किए, वहीं देश की biodiversity में एक लम्बे समय से – कल यहां बहुत सारे सदस्यों ने बोला – हमारे जो यू.पी. के डीजी साहब रहे हैं, वे बहुत सारे प्लांट्स और उनकी verity के बारे में बोलते रहे, लेकिन ये सब हमारे देश की बहुत बड़ी ताकत है। इस देश की biodiversity का संरक्षण करना, इसके लिए strategy बनाना और action plan तैयार करना अत्यंत आवश्यक था। इनको हमने करने का काम किया। इसी कारण 2024 में हमने biodiversity के नए rules बनाए और Biodiversity Act में amendment किया। इस Biodiversity Act amendment का एक बहुत बड़ा लाभ यह हुआ कि हमारे देश में जो पारम्परिक knowledge रखने वाले आयुर्वेद के लोग हैं, जो हमारी tribal communities हैं, जिनके पास यह knowledge है, उनको access and benefit-sharing भी होनी चाहिए। इसलिए हमने key reform किया। विशेष रूप से हमारे wild medicinal plants को encourage करने के लिए, उनके cultivation को बढ़ावा देने और उन medicinal plants की सुरक्षा के लिए भी हमने यह कदम उठाए हैं। इसका सबसे बड़ा लाभ यह है कि भारत दुनिया को आयुर्वेद के रूप में एक बहुत बड़ी सौगात दे सकता है। विशेष रूप से Indian system of medicine के protection का काम इस अमेंडमेंट के माध्यम से किया है। एक लम्बे समय तक लोग इस क्षेत्र में काम इसलिए नहीं

Contents Page

करते थे, क्योंकि उन्हें लगता था कि कहीं उनके ऊपर कोई criminal case न बन जाए, लेकिन माननीय प्रधान मंत्री जी जो जन विश्वास बिल लेकर आए... इस जन-विश्वास बिल के अंतर्गत जब हम अलग से अमेंडमेंट लेकर आए, तो जो unnecessary provisions थे, उनको डीक्रिमिनलाइज़ करने का काम किया। उसके साथ ही एक बात यह है कि अगर हम भारतीय मेडिसन को आगे बढ़ाना चाहते हैं, तो जो granting of appeals के लिए डिले होती है, उसके दिनों को भी हमने 180 से कम करके 90 दिन करने का काम किया। सबसे बड़ी बात है कि हमने simplified and transparent procedure किया, जो बायोलॉजिकल रिसोर्सेज़, उसकी associated knowledge research के लिए, commercial utilization के लिए और Intellectual Property Rights के लिए किया और मुझे लगता है कि इसके कारण बहुत बड़ी संख्या में, जो बायो-डायवर्सिटी के क्षेत्र में AYUSH और आयुर्वेद में काम करते हैं, traditional knowledge में काम करते हैं, traditional medicine में काम करते हैं, उनको इसका बहुत बड़ा लाभ मिलेगा। उसके साथ ही हमारे देश में इस बात की आवश्यकता है कि जो हमारे Common Effluent Treatment Plants हैं - इंडस्ट्री वगैरह लग जाती थी, बाद में जो CETP लगते थे, उसके लिए एक लंबा प्रोसीज़र होता था, जबकि वह तो fundamentally इस बात के लिए थे कि आप इंडस्ट्री लगाना चाह रहे हो, तो आपके CETP होने चाहिए। हमने बहुत बड़ा rationalization और रिक्वायरमेंट करते हुए और टाइम से उसको एश्योरेंस करते हुए उसको extension देने का काम किया। इस एक प्रक्रिया से देश में औद्योगिक क्षेत्र में CETP के प्रोसेस को easy करने का काम किया, वे वहां के औद्योगिक क्षेत्र के एनवायर्नमेंट के नॉर्म्स को बनाने में सहायता करेंगे। उसके साथ ही साथ आप देखेंगे कि हमारे नायडू जी यहां पर बैठे हैं। एयरपोर्ट का जो एक्स्टेंशन होता था, विशेष रूप से जो बी ॥ एयरपोर्ट का एक्सटेंशन होता था, उसमें वापस hearing होती थी। ...(**व्यवधान**)...

विपक्ष के नेता (श्री मल्लिकार्जुन खरगे): उपसभापति महोदय, मैं ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापतिः जब इधर बोल रहे थे, मैं इधर देख रहा था। यह काम आपने दिया है। अब इधर बोल रहे हैं, तो मैं इधर देख रहा हूं।

श्री मल्लिकार्जुन खरगेः सर, हमारा क्या है। आपकी तरफ देख रहे हैं, तो भी हम आपकी तरफ देख सकते हैं, लेकिन वे पब्लिक भाषण कैसे करते हैं, मोदी जी यहां आकर जो एड्रेस करते हैं, वैसा ही एड्रेस ये लोग कर रहे हैं। ...(**व्यवधान**)... पहले ऐसा नहीं करते थे। अब ऐसा करना सीख गए हैं। हर एक पैरा खत्म करने के बाद मोदी, मोदी, मोदी, उसके सिवाय कुछ नहीं है। ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापतिः माननीय भूपेन्द्र जी, माननीय भूपेन्द्र जी, प्लीज़। माननीय नेता सदन।

THE LEADER OF THE HOUSE (SHRI JAGAT PRAKASH NADDA) : Sir, on the lighter side उन्होंने कहा कि आप मोदी, मोदी, मोदी, मोदी करते हैं। हम तो करते हैं, लेकिन आप भी दिन-रात मोदी, मोदी ही याद करते हैं, यह याद करना चाहिए।

Contents Page

श्री उपसभापतिः माननीय भूपेन्द्र जी, आप बोलिए। माननीय प्रमोद तिवारी जी, प्लीज़।

श्री प्रमोद तिवारी (राजस्थान)**:** ये मोदी जी के गलत काम को सही बताते हैं और हम जो वे गलत करते हैं, उसको गलत बताते हैं। ...(**व्यवधान**)...

श्री जगत प्रकाश नड्डाः मोदी जी के सही काम को हम सही बताते हैं। मोदी जी के काम के कारण देश में जो इम्पैक्ट पड़ता है, उससे इनको जो डर होता है, उसको यह याद करते हैं।

श्री उपसभापतिः माननीय भूपेन्द्र जी, आप बोलें।

डा. सुधांशु त्रिवेदी (उत्तर प्रदेश)**:** सर, बहुत लंबे समय से मोदी जी के प्रति इधर नफरत पनपती रही और जनता में मोहब्बत मिलती रही, तो हुआ क्या, वह मैं एक लाइन में कहना चाहूंगाः

"मरीज़- ए- नफरते मोदी पर लानत खुदा की
मर्ज बढ़ता गया, जो- जो दवा की।"

श्री उपसभापतिः माननीय भूपेन्द्र जी, आप बोलें।

श्री प्रमोद तिवारीः सर, on the lighter note, भूपेन्द्र जी पॉपुलर हैं, इसलिए कह रहा हूं। मेरा सिर्फ इतना कहना है कि हम उनके खिलाफ बोलते हैं, जो इस दुनिया में अपनी सफाई में जवाब देने के लिए हैं। इनकी आदत पड़ गई है उनके खिलाफ बोलने के लिए, जो इस दुनिया में नहीं हैं। बिना नेहरू जी का नाम लिए इनका दिन पूरा नहीं होता है।

श्री भूपेन्द्र यादवः माननीय उपसभापति जी, एक अच्छा-सा गाना हैः

"प्रमोद जी झूठ मत बोलो, खुदा के पास जाना है।"

श्री उपसभापतिः प्रमोद जी, अब जवाब देने दीजिए।

श्री प्रमोद तिवारीः अपने ऊपर लागू करना चाहिए। वरना, ये जहां जाएंगे, वह बताने लायक नहीं होगा।

श्री भूपेन्द्र यादवः उपसभापति महोदय, मैंने उपलब्धियों और रिफॉर्म्स के बारे में आपके सामने विषय रखा। मेरा यह कहना है कि ये रिफॉर्म्स करने के बाद मैंने शुरू में भारत के फॉरेस्ट क्षेत्र की उपलब्धियों के बारे में रखा है।

3.00 P.M.

जो एक बड़ा विषय है, वह यह है कि आज प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत ने क्लाइमेट एक्शन प्रोग्राम में एक बहुत बड़ी लीड ली है। UNFCCC में जो अपने NDCs थे, उन NDCs को हमने निश्चित समय के अंतर्गत पूरा किया है। आज जो नए coalition अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्र में बने हैं, उन्होंने दुनिया में नए मानक स्थापित किए हैं। महोदय, विशेष रुप से रिन्यूएबल

Contents Page

एनर्जी के क्षेत्र में International Solar Alliance बनाया गया और International Solar Alliance का हेडक्वार्टर भी गुड़गांव के अंतर्गत है। आज दुनिया में 137 देश इस International Solar Alliance के न केवल सदस्य बने हैं, बल्कि भारत ने भी सोलर क्षेत्र में 42 प्रतिशत क्षमता बढ़ाने का काम किया है।

उपसभापति महोदय, मैं जब G*20* सम्मेलन में साउथ अफ्रीका गया था, तो UNFCCC ने अपने 31 साल पूरे होने पर, जो प्रेजेंटेशन दिया, उसमें उन्होंने कहा कि दुनिया के जिन देशों ने - यह उनके प्रेजेंटेशन में है और इसलिए मैं ऑन रिकॉर्ड बोल रहा हूँ - दुनिया के जिन देशों ने एन्वायरन्मेंट के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है, उनमें भारत ने रिन्यूएबल एनर्जी में, सोलर में अपनी जिस क्षमता को बढ़ाया है, वह दुनिया के लिए अनुकरणीय है। यह हमारे प्रधानमंत्री जी की उपलब्धि है।

महोदय, दूसरा बिंदु यह है कि आज हम सब लोग यह जानते हैं कि नई टेक्नोलॉजी आनी चाहिए, नई टेक्नोलॉजी का इनोवेशन होना चाहिए, लेकिन अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक ऐसा मंच बनाना, जिसमें कंपनीज भी हों, देश भी हों ऑर्गेनाइजेशन भी हों – वह बड़ी बात है। भारत ने स्वीडन के साथ मिलकर लैडइट लीडरशिप फॉर इंडस्ट्रियल ट्रांसफॉर्मेशन नामक एक अंतर्राष्ट्रीय Coalition बनाया और इसका जो 2.0 है, वह प्रारंभ हुआ है।

मान्यवर, तीसरा बिंदु यह है कि पर्यावरण के क्षेत्र में हम जानते हैं बाढ़ आती है, आपदा आती है, सूखा आता है, तूफान आता है, इसलिए दुनिया में इसकी नॉलेज शेयरिंग को लेकर, आपस में इनोवेशन को लेकर कोई Coalition बनना चाहिए और प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में CDRI, Coalition for Disaster Resilient Infrastructure बना है, जिसका हेडक्वावार्टर भी भारत में ही बना है। यह अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्र में एक बड़ा इंटरनेशनल कोलेशन बना है।

महोदय, बायोडायवर्सिटी को लेकर हम बहुत सारी बातें करते हैं। हमारे देश के जो जंगल हैं, इनके लिए आज हम निश्चित रूप से बायोडायवर्सिटी के क्षेत्र में काफी आगे बढ़ने की बात करते हैं, लेकिन इसमें नॉलेज शेयरिंग होना, ग्रीन जॉब होना, वाइल्ड लाइफ प्रोटेक्शन होना और ईको टूरिज्म होना भी है। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में 50 years of tiger conservation में एक और अंतर्राष्ट्रीय संगठन बनाया गया है। इसका नाम International Big Cat Alliance रखा गया है और International Big Cat Alliance का मई माह में भारत में सम्मेलन भी होने जा रहा है, जो भारत की इस क्षेत्र में नेतृत्व क्षमता को बताने का काम करता है। मैं उसके साथ ही आपसे यह कहना चाहता हूं कि हम वन संरक्षण की वृद्धि को लेकर पूरे तरीके से प्रतिबद्ध हैं। कल भी कुछ सदस्य कह रहे थे, मैं उनसे कहना चाहता हूं कि हम केवल हरित आवरण और वन क्षेत्र बढ़ाने के लिए ही नहीं, बल्कि नगरीय क्षेत्र में भी वृक्षारोपण को बल दे रहे हैं। प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में हम 'एक पेड़ माँ के नाम अभियान' चला रहे हैं, लेकिन पूरे देश में हम लोग 'नगर वन योजना' के माध्यम से भी काम कर रहे हैं। आज बहुत सारे सदस्यों ने बताया है कि 600 नगर वन और 400 नगर वाटिकाओं की हमने पिछले तीन सालों के अंदर उपलब्धि दर्ज़ कराने का कार्य किया है। हमने इस योजना को कैम्पा के द्वारा भी सहायता देने का काम किया है। इसके साथ ही साथ हमारा जो

Contents Page

डिग्रेडिड फोरेस्ट है, उस डिग्रेडिड फोरेस्ट और हमारी डिग्रेडिड लैंड्स में भी जो लोग काम करना चाहते हैं, जो संस्थाएं काम करना चाहती हैं, जो लोग कॉरपोरेट सेक्टर में काम करना चाहते हैं, हम उनके लिए भी Green Credit Programme लेकर आए हैं। हम Green Credit Programme के माध्यम से भारत के हरित आवरण को बढ़ाने के लिए एक बड़ी स्कीम लेकर आए हैं। इसके साथ ही कार्बन क्रेडिट प्रोगाम को आगे बढ़ाने का काम भी करने आए हैं। दुनिया की जो एक और बड़ी समस्या है, वह धरती के बंजर होने की समस्या है - UNCCD, United Nations Convention to Combat Desertification. आज भारत ने आईसीएफआरई के माध्यम से अपना centre for excellence बनाया है और इस centre for excellence कार्यक्रम के अंतर्गत विशेष रूप से जो खनन से प्रभावित जमीनें हैं, जो शुष्क जमीनें हैं, उन सारी जमीनों को हरा-भरा करने के लिए भारत ने दुनिया के सामने लक्ष्य भी रखा है। सस्टेनेबल लैंड मैनेजमेंट को कैसे बढ़ाया जाए, इसके लिए भारत में हम प्रधान मंत्री जी के विज़न के हिसाब से आईसीएफआरई में एक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस चला रहे हैं।

माननीय उपसभापति महोदय, बहुत बड़ी बात यह होती है कि हमारे देश में कई बार वन आधारित उपज या विशेष रूप से जो हमारे टिम्बर हैं, जब हम उन्हें लेकर जाते थे, तब बहुत सारी जगहों पर एक राज्य से दूसरे राज्य के टिम्बर पर लगातार रेस्ट्रिक्शन होती थी। आज हम बहुत बड़ी संख्या में विदेश से टिम्बर आयात करने को मजबूर हैं। हमारे देश का टिम्बर अपनी जगह पर नहीं पहुंच पाता है। हमने आने के बाद निश्चित रूप से वन नेशन के बहुत सारे कार्य किए हैं, जिसने भारत को एक ताकत के रूप में खड़ा किया है। खरगे जी, अब तो मैं आपको ही देख रहा हूँ। आप ही को देखकर बात कर रहा हूँ।

श्री मल्लिकार्जुन खरगेः देखिए। मैं देवेगौड़ा जी की तरफ देख रहा हूँ।

श्री भूपेन्द्र यादवः देवेगौड़ा जी आपकी तरफ नहीं देख रहे हैं, वे मेरी तरफ देख रहे हैं। ...(**व्यवधान**)...

इसलिए हमने नेशनल ट्रांजिट पास सिस्टम (एनटीपीएस) की शुरुआत की है। यह एनटीपीएस 33 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा अपनाया जा चुका है। मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि 2 मार्च, 2026 तक एनटीपीएस पोर्टल पर 5,83,709 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 3,31,796 ट्रांजिट परमिट और 2,23,163 एनओसी जारी हो चुके हैं। यह प्रणाली प्रधान मंत्री जी के ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस को सुदृढ़ करती है। देश के वन उत्पादों के सुगम और वैधानिक परिवहन के लिए एक विश्वसनीय डिजिटल मंच प्रदान करती है।

माननीय उपसभापति महोदय, अभी तक सबसे बड़ी बात यह है कि जो टिम्बर मार्केट रेट तय होता था, उसका इको मार्क हमारे पास नहीं था। हम उसके लिए बहुत सारा पैसा दुनिया के बाकी संस्थानों को देते थे। हमने प्रमाण सर्टिफिकेशन की शुरुआत की है। साथ-ही-साथ, जो वन क्षेत्र से बाहर के वृक्ष हैं, जो ट्रीज आउटसाइड फॉरेस्ट हैं, उनका प्रमाणन और वन उत्पादों की चेन ऑफ कस्टडी का प्रमाणन भी शामिल किया है, ताकि हमारे देश में जो लोग एग्रोफॉरेस्ट्री का काम करते हैं, उन्हें किसी प्रकार की दिक्कत न आए। नेशनल ग्रीन मिशन को आगे बढ़ाने का काम

Contents Page

किया है, लेकिन इसे आगे बढ़ाने के साथ-साथ 2015-16 से अब तक, दस सालों में 17 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में 1,71,345 हेक्टेयर क्षेत्रफल में वनीकरण के लिए 1,016 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई है। हम लोग धरती पर वन आवरण तो बढ़ा ही रहे हैं, लेकिन सबसे बड़ा विषय है कि जो हमारा समुद्री क्षेत्र है -- पहले हम 7,500 किलोमीटर का समुद्री क्षेत्र मानते थे, लेकिन सभी creeks वगैरह को मिलाकर, हम दस हजार किलोमीटर से ज्यादा का समुद्री क्षेत्र मानते हैं। यहाँ पर हम लोगों ने मैंग्रोव प्लांटेशन के लिए MISHTI चलाई है। इसका अर्थ है - Mangrove Initiative for Shoreline Habitats and Tangible Incomes (MISHTI), जिसका शुभारंभ प्रधान मंत्री जी के द्वारा पाँच जून, 2023 को किया गया था। इस योजना का उद्देश्य भारत के तटीय क्षेत्र में मैंग्रोव वनों की पुनर्स्थापना करना है, जिसके लिए देश और विश्व की बेस्ट प्रैक्टिसेज़ को अपनाते हुए, मैंग्रोव वनों के पुनर्निर्माण और वनारोपण किया जा रहा है। हमने पाँच वर्षों में 540 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में नौ तटीय राज्यों और चार केंद्र शासित प्रदेशों में इस योजना को लागू करने और आगे बढ़ाने का काम किया है।

माननीय उपसभापति महोदय, इस धरती पर मनुष्य के अंदर सबसे बड़ी चीज़ करुणा का भाव है। हमारे अंदर करुणा का भाव मनुष्यों के लिए तो होना ही चाहिए, लेकिन इस प्रकृति के प्रति, वन्य जीवों के प्रति भी होना चाहिए। इसके लिए हमने स्पीशीज़ रिकवरी प्रोग्राम को आगे बढ़ाने का काम किया है। इसमें हमने संकटग्रस्त स्पीशीज़ या जिन स्पीशीज़ की आज के समय में रिकवरी करना बहुत आवश्यक है, विशेष रूप से Red Panda, Clouded Leopard, Arabian Sea Humpback Whale, Northern River Terrapin, caracal, sloth bear, घड़ियाल - हमने इन्हें विशेष प्रोग्राम के अंतर्गत शामिल करने का काम किया है। आज भारत के लिए यह बहुत बड़ी उपलब्धि है कि हमारे यहाँ पर जो चीते एक्सटिंक्ट हुए थे, उनके लिए हमने यह तय किया कि वाइल्डलाइफ चीतों को लाकर उनके ट्रांसलोकेशन का कार्य किया जाए। मेरा मानना है कि यह कार्यक्रम हमारे आने से पहले शुरू हुआ था, लेकिन इसको लागू करके जमीन में उतारने का काम हमारी सरकार ने प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में किया है। हम जो 20 चीते लाए थे, उसमें मुझे पता है कि शुरू में दिक्कत आई थी और इसमें आलोचना का भी डर था। शुरू में यहां के वातावरण में उनको acclimatize होने में भी काफी समय लगने वाला था। मैं अपने साइंटिस्ट्स, फॉरेस्टर्स और वन विभाग के अधिकारियों को बहुत धन्यवाद देना चाहता हूं कि जो 20 चीते लाए गए थे आज उनकी संख्या बढ़कर 50 से ज्यादा हो गई है। प्रोजेक्ट टाइगर और प्रोजेक्ट एलीफैंट जैसे कार्यक्रम करने के साथ-साथ हम प्रोजेक्ट लॉयन, प्रोजेक्ट डॉल्फिन और विशेष रूप से यह हमारे गुजरात के सांसद महोदय बैठे हैं, इनकी भी चिंता रहती है, ग्रेट इंडियन बस्टर्ड और चीता जैसे कार्यक्रमों को हम बढ़ाने का काम कर रहे हैं। इसलिए इस बार हम लोगों ने प्रोजेक्ट घड़ियाल और प्रोजेक्ट स्लॉथ बियर में विशेष रूप से काम करने का कार्य किया है। हमारे यहां हम लोग टाइगर का एस्टिमेशन कराते थे और एलीफेंट का एस्टिमेशन कराते थे। मैंने अपने पूर्व वक्तव्य में भी कहा कि हमने पहली बार डॉल्फिन का एस्टिमेशन कराया। जो स्नो लैपर्ड है, उसका एस्टीमेशन नहीं होता था। उसका भी हमने दुनिया में पहली बार पहला एस्टिमेशन कराया है और भारत में लगभग 718 स्नो लैपर्ड का एस्टिमेशन हमारे देश में आया है। अभी दो बड़ी चुनौतियां हमारे सामने हैं और सारे सदस्य भी मुझे अक्सर इन चुनौतियों के विषय में बताते हैं। पहला, हमारे जो टाइगर रिज़र्व

Contents Page

एरियाज़ हैं, उनके संबंध में एक बड़ा विषय है - tiger outside tiger territory. इसके लिए हम लोगों ने एक विशेष प्रोजेक्ट चलाया है। Man-animal conflict के संबंध में कई सदस्यों ने प्रश्न पूछे हैं। हमने कोयंबतूर में अब एक इंस्टिट्यूशन एस्टेब्लिश किया है। हमने एरिया स्पेसिफिक पहचान करके अब हम man-animal conflict को लेकर भी कार्य कर रहे हैं। मानव-वन्यजीव संघर्ष में भी हम आगे कार्य कर रहे हैं। मैंने अपने प्रारम्भ के वक्तव्य में एक पेड़ मां के नाम के लिए इको क्लब को बढ़ाने का काम किया है। कल से इस कार्यक्रम में हमारे बहुत सारे ...(**व्यवधान**)...

श्री रामजी लाल सुमन (उत्तर प्रदेश): उपसभापति जी ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please take your seat. आप बैठ जाइए। ...(**व्यवधान**)... प्लीज़, आप बैठ जाइए। ...(**व्यवधान**)...

श्री रामजी लाल सुमन: उपसभापति जी, मैं यह बात जानना चाहता हूं कि इन्होंने करोड़ों पेड़ लगवा दिए, लेकिन उनमें से बचे कितने हैं? ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति: प्लीज़, आप बैठ जाएं। ...(**व्यवधान**)... Please take your seat. Nothing is going on record. माननीय मंत्री जी, आप बोलें।

श्री भूपेन्द्र यादव: माननीय उपसभापति जी, हमारे जिन 13 सदस्यों ने चर्चा में भाग लिया, उसमें चर्चा की शुरुआत श्री घनश्याम तिवाड़ी जी ने की। घनश्याम तिवाड़ी जी ने मानव-आधारित गतिविधियों के जो पर्यावरणीय संकट हैं, उनको लेकर अपना विषय रखा। उसमें हम रिफॉर्मस लेकर आए हैं, विशेष रूप से एनवायर्नमेंट क्लियरेंस के रिफॉर्म लेकर आए हैं। मैंने उनकी बात का जवाब देने की पूरी कोशिश की है। अयोध्या रामी रेड्डी जी ने अपने वक्तव्य के अंतर्गत पास्ट, प्रेजेन्ट और फ्यूचर का विषय रखा। निश्चित रूप से देश के एनडीसी टारगेट जो अचीव हुए हैं, उनकी तो उन्होंने सराहना की, लेकिन उन्होंने स्ट्रक्चर्ड तरीके से ट्रांसफॉर्मेशन की बात अपने विषय में रखी थी। 'निरंतर' के माध्यम से जो हम कार्य कर रहे हैं, उसको मैंने अपने भाषण के माध्यम से स्पष्ट किया है। सर्कुलर इकोनॉमी के संबंध में भारत में क्या किया जा रहा है, इसके बारे में मैंने सर्कुलर इकोनॉमी के रिफॉर्म्स और रूल्स को अपने भाषण में रखने का काम किया है। उनका जो विषय था कि हमें कोई comprehensive strategic review करना चाहिए। उसको भी मैंने अपने विषय में और अपनी बातों में रखने का काम किया है। हमारे बीजेडी के साथी शुभाशीष खुंटिया जी ने चिल्का के विषय को रखा है। हम लोग wetland के preservation और conservation के लिए काम कर रहे हैं। चिल्का में भी हम विशेष रूप से काम कर रहे हैं। ओडिशा का जो तटीय क्षेत्र है, हमारे गोपालपुर के क्षेत्र में जो सी-टर्टल्स है, उसका भी उन्होंने विषय रखा। वहां पर भी अब हमारा ZSI का एक सेंटर है और वह कार्य कर रहा है। ओडिशा में भीतरकनिका जो हमारा biosphere रिज़र्व है और सिमलिपाल का जो हमारा टाइगर रिज़र्व है, उसको लेकर हम लोग कार्य कर रहे हैं। उसके बाद हमारे रामभाई मोकरिया जी ने भारत के वन क्षेत्र को बढ़ाने पर जोर दिया है, जो हम लगातार कर रहे हैं। डा. सुमेर सिंह सोलंकी जी ने वनाधिकार पट्टों के बारे में बात की है। मैं यहां पर यह कहना चाहूंगा कि वन भूमि का जो डाइवर्ज़न होता है, उस डाइवर्ज़न को कैसे संरक्षित किया जाए, इसके संबंध में इस देश में 1950 से लेकर 1980 तक कोई कानून नहीं

Contents Page

था। हम 1980 में जो फॉरेस्ट कंजर्वेशन एक्ट लेकर आए, उसमें हमने जो डाइवर्जन की पावर है, वह सेंट्रल गवर्नमेंट को दी। 1980 से लेकर 2025 तक देश में अन्य कार्यों के लिए लगभग 10 लाख हेक्टेयर की जो जमीन हस्तांतरित हुई, उतनी ही जमीन कंपेंसेटरी एफॉरेस्टेशन में वापिस जंगल को मिली है। लेकिन जो सबसे बड़ी बात थी, वह फॉरेस्ट राइट एक्ट की थी, जिसे हमारे डांगी जी भी उठा रहे थे। फॉरेस्ट राइट एक्ट में 50 लाख हेक्टेयर से ज्यादा जमीन देने का काम पिछले 10 साल में हमारी सरकार ने किया है और सबसे ज्यादा हमने ट्राइबल राइट्स के मामलों को सेटल करने का काम किया है।

इसके साथ, मैं यह भी कहना चाहूंगा कि डा. मेधा विश्राम कुलकर्णी जी ने रामसर साइट की बात रखी है। सबसे बड़ी बात है कि बड्र्स के बारे में उन्होंने विषय रखा है और उन विषयों को बढ़ाने की बात की है। उन्होंने हमारे नौजवानों के अंदर एन्वायरनमेंट कॉन्शसनेस को बढ़ाने के लिए शिक्षा की बात की है। हमने अपने मंत्रालय में भी इको क्लब बनाया है। इसके साथ ही नेशनल हिस्ट्री म्यूजियम के माध्यम से भी हम एक कार्यक्रम कराते हैं, जिसमें लगातार हम वनीय क्षेत्र के बारे में जानकारी के लिए लगातार कार्य करना चाहते हैं। मैं तो सभी सांसदों से भी कहना चाहता हूं कि हम राज्य सभा के सांसद हो सकते हैं, लेकिन अपने क्षेत्र में किसी जगह पर हम इस पर्यावरणीय विषय को हमारे इन संस्थानों के माध्यम से आगे बढ़ाना चाहते हैं, अगर आप कहेंगे, तो निश्चित रूप से हम इको क्लब और इन संस्थानों के माध्यम से इसके लिए कार्यक्रम करेंगे।

इसी प्रकार, हम मिशन लाइफ के माध्यम से कार्य करते हैं। मिशन लाइफ के माध्यम से हम लगातार लोगों के बीच जाकर नौजवानों को भी कहते हैं कि एन्वायरनमेंट अवेयरनेस के लिए मिशन लाइफ में हमें 7 चीजों पर जोर देना चाहिए। सबसे पहली बात है - सेव एनर्जी। इसके बारे में स्टार्टअप से लेकर अवेकनिंग तक, इस पर हमें ध्यान देना चाहिए। फिर सेव फूड, क्योंकि सेव फूड एक ऐसी चीज है कि वेस्ट ऑफ फूड नहीं होना चाहिए। सेव वॉटर, क्योंकि दुनिया में जो सबसे ज्यादा कमी है, वह पीने के पानी की और मीठे पानी की है। फिर सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट है। सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट एक ऐसा विषय है, जिसमें सबको काम करना चाहिए। फिर ई-वेस्ट मैनेजमेंट है। ई-वेस्ट मैनेजमेंट पर भी हमें काम करना चाहिए। छठा विषय है - Ban of single use plastic; और सातवां विषय है - Healthy Lifestyle. इन 7 आयामों को लेकर माननीय प्रधान मंत्री जी ने जो मिशन लाइफ का मंत्र दिया है, मैं सारे सांसद साथियों को भी कहना चाहता हूं कि यह एक ऐसा कार्यक्रम है, जिसमें अपने देश में पर्यावरण अनुकूल जीवन शैली को हम एक जागरण के माध्यम से आगे बढ़ाने का काम कर सकते हैं। हमारा मंत्रालय इस पर काम कर रहा है, लेकिन आप सबके सक्रिय सहयोग की आवश्यकता है।

बृज लाल जी ने अपनी स्पीच में जो एक सबसे बड़ी बात कही है, वह यह है कि उन्होंने बहुत सारी देसी स्पीशीज़ का नाम लिया। निश्चित रूप से हम उनके प्रिजर्वेशन और कंजर्वेशन के लिए काम कर रहे हैं। अब हमने सभी जगहों पर लगातार सभी फॉरेस्टर्स को कहा है कि आप अपने डिस्ट्रिक्ट में जो नर्सरी लगाइए, उसमें आपके क्लाइमेट के हिसाब से आपकी जो देसी स्पीशीज़ हैं, आप उनकी नर्सरी को लगाने का काम करिए। हम कैम्पा के माध्यम से उसको आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं।

Contents Page

इसके साथ ही, अन्य सदस्यों में स्वाति मालिवाल जी ने दिल्ली के प्रदूषण का विषय रखा है। मैं आपको और इस सदन को यह कहना चाहता हूं -- हालांकि हमारे मित्र इस पर क्यों नहीं बोले, मुझे समझ में नहीं आया, क्योंकि उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस तो की थी -- मैं यह कहना चाहता हूं कि देश में जो एक्यूआई है, इसकी रिपोर्ट 2009 में आई थी। 2009 में एक्यूआई की रिपोर्ट आने के बाद जो भी सरकार थी, केंद्र की सरकार की कोई मजबूरी रही होगी, कोई विषय रहा होगा, उन्होंने एक्यूआई के मेजरमेंट को लागू नहीं किया। एक्यूआई के मेजरमेंट को लागू करके प्रमाणिकता देने का काम 2015 में प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में हमारी सरकार ने किया। इसके बाद देश में इस समस्या की विकरालता को पहचानते हुए हमने 130 शहरों में नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम किया है। आप खुद भी मानते हैं कि नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम में आज 40 से ज्यादा शहरों में हम एक अटेनमेंट के स्तर पर पहुंचे हैं, क्योंकि जिस प्रकार से मानवीय गतिविधियां बढ़ी हैं, उन मानवीय गतिविधियों के आधार पर चाहे व्हीकल पॉलुशन हो, चाहे सॉलिड वेस्ट के माध्यम से हो, चाहे इंडस्ट्री के माध्यम से हो, इन सब पर नियंत्रण रखना जरूरी है। मैंने अपने पिछले जवाब में भी बताया और मैं अब भी यह कह रहा हूं कि एनकैप को लाने के बाद दिल्ली की आवश्यकता को देखते हुए हमने लेजिस्लेशन के माध्यम से सीएक्यूएम जैसी एक अथॉरिटी बनाने का काम किया है। पिछले दिनों CAQM ने व्यापक रूप से एक समग्र चर्चा की है। इस पर हम विशेष रूप से दिल्ली के एयर पॉल्यूशन को लेकर और 130 शहरों के एयर पॉल्यूशन को लेकर लगातार कार्य करने का काम कर रहे हैं। हम लोगों ने दिल्ली का एक पूरा प्लान भी तैयार किया है। उज्जवल निकम जी ने अर्बन फॉरेस्ट की बात कही है। मैंने उसका जवाब दिया है। मस्तान राव जी और मदन राठौड़ जी ने ज़मीन में कैंसर का और नदियों के पॉल्यूशन का जो विषय है, उसकी बात की है। डीएमके के धनपाल जी ने भी इसकी बात कही है।

महोदय, नीरज डांगी जी ने दो विषय रखे हैं। उन्होंने पहला विषय अरावली का रखा है। नीरज जी, मैं आपको यह कहना चाहता हूं कि आप जो कह रहे हैं, वे तथ्य सही नहीं हैं। इसलिए सुप्रीम कोर्ट में जो विषय रखा गया है, तो सुप्रीम कोर्ट में केवल FSI, CEC और हमारी मिनिस्ट्री नहीं थी। यह जो कमेटी थी, यह कमेटी हमारे मंत्रालय ने नहीं गठित की थी, बल्कि यह कमेटी सुप्रीम कोर्ट ने गठित की थी। हमारे सेक्रेटरी को उसका चेयरमैन बनाया गया था, लेकिन सुप्रीम कोर्ट की जो Central Empowered Committee है, वह इसकी सदस्य थी और भारत का जो FSI इंस्टीट्यूट है, वह इसकी सदस्य थी। पहाड़ियों के बारे में जो मानक तय किया जाता है, वह Geological Survey of India और Survey of India के द्वारा किया जाता है, जिनके पास ये नक्शे रहते हैं, वे सब इस समिति के सदस्य थे। मैं आपको यह कहना चाहता हूं कि न्यायालय ने अपना जो निर्णय दिया, न्यायालय के उस निर्णय में उन्होंने इस definition के लिए कहा। यह definition कोई Ministry of Environment की नहीं थी, दुनिया के नामी Geologist Richard Murphy जो थे, उनके definition के आधार पर यह हुआ था। जहां तक अरावली का प्रश्न है, यह निर्णय आने के भी दो साल पहले हम ऑलरेडी ग्रीन अरावली का एक प्रोजेक्ट चला चुके हैं। मैं इस सदन में कहना चाहता हूँ कि ग्रीन अरावली के द्वारा अरावली के पूरे संरक्षण के लिए हमारी सरकार पूरे तरीके से प्रतिबद्ध है। मैं आपको यह कहना चाहता हूं। आप पूछ लीजिए, लेकिन फिर आपको uneasy उत्तर मिलेंगे। आप पूछ लीजिए।

Contents Page

श्री नीरज डांगीः अगर अरावली के बारे में आपका निर्णय सही था, तो राजस्थान के अंदर और अन्य प्रदेशों के अन्दर जिस तरह से अरावली को लेकर विरोध और प्रदर्शन दर्ज हुए, उसके बाद आप बैक फुट पर आए हैं। यह संज्ञान सुप्रीम कोर्ट ने स्वयं लिया है। यह आपके कहने से नहीं हुआ है। आपने क्यों अरावली का मुद्दा उस समय रखा? क्यों आपने 100 मीटर का ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापतिः डांगी जी, धन्यवाद। ...(**व्यवधान**)...

श्री भूपेन्द्र यादवः सुप्रीम कोर्ट ने संज्ञान इसलिए लिया, क्योंकि उस समय की सरकार के समय में अरावली में बहुत ज्यादा अवैध खनन हो रहा था। ...(**व्यवधान**)...

श्री नीरज डांगीः सर, ...(**व्यवधान**)...

श्री जयराम रमेशः आप यह क्या बोल रहे हैं? ...(**व्यवधान**)...

श्री भूपेन्द्र यादवः आप जवाब सुन लीजिए। ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापतिः प्लीज़। ...(**व्यवधान**)... आपने सवाल पूछा, अब वे जवाब दे रहे हैं। आप उसे सुनिए। ...(**व्यवधान**)... आप सुनिए, प्लीज़। ...(**व्यवधान**)... मंत्री जी, आप बोलें। आपकी ही बात रिकॉर्ड पर जाएगी। ...(**व्यवधान**)... आप बोलिए। ...(**व्यवधान**)... डांगी जी, जब आप सवाल पूछते हैं, तो उसका उत्तर भी सुनिए। ...(**व्यवधान**)... प्लीज़, प्लीज़। ...(**व्यवधान**)... डांगी जी, आपने सवाल पूछ लिया। ...(**व्यवधान**)... डांगी जी, प्लीज़। माननीय मंत्री जी आपका उत्तर दे रहे हैं। ...(**व्यवधान**)... प्लीज़। माननीय मंत्री जी को बोलने दीजिए। ...(**व्यवधान**)... प्लीज़। उनकी बात सुनिए। ...(**व्यवधान**)...

श्री भूपेन्द्र यादवः डांगी जी, आप इस सदन में अभी आए हैं। मैं इस सदन में 2012 में आया था। ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापतिः प्लीज़, प्लीज़। ...(**व्यवधान**)... डांगी जी, आपकी बात लोगों ने धैर्य से सुनी है। अब आप उनका उत्तर सुनें। ...(**व्यवधान**)...

श्री भूपेन्द्र यादवः सर, 2012 में मैंने हाउस में...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापतिः प्लीज़। ...(**व्यवधान**)... आप हर बात में object नहीं कीजिए। ...(**व्यवधान**)... Please take your seat. *...(Interruptions)...* No. *...(Interruptions)...* माननीय मंत्री जी, आप बोलें, आपकी बात ही रिकॉर्ड पर जाएगी। ...(**व्यवधान**)...

श्री भूपेन्द्र यादवः सर, वह सरकार के समय जो अवैध खनन हो रहा था, उस समय मैंने इस हाउस में, राजस्थान के अवैध खनन पर जो आज कह रहा हूं, वही नाम लेकर मुद्दा उठाया था। आप रिकॉर्ड में से निकलवा लीजिएगा। आप समझे? ...(**व्यवधान**)...

Contents Page

श्री उपसभापतिः प्लीज़, प्लीज़। ...(**व्यवधान**)...

श्री भूपेन्द्र यादवः सर, मैं गलत नहीं कह रहा हूं। वह पार्लियामेंट के रिकॉर्ड में है। ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापतिः डांगी जी, आपकी बात रिकॉर्ड पर नहीं जा रही है। ...(**व्यवधान**)... अब आप बैठ जाइए। ...(**व्यवधान**)... नहीं। ...(**व्यवधान**)... Not allowed. *...(Interruptions)...* आप बार-बार खड़े होंगे, तो मैं इजाजत नहीं दूंगा। ...(**व्यवधान**)... प्लीज़। ...(**व्यवधान**)... मंत्री जी, आप बोलिए। सिर्फ आपकी ही बात रिकॉर्ड पर जाएगी। ...(**व्यवधान**)...

श्री भूपेन्द्र यादवः उपसभापति महोदय...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापतिः नहीं। ...(**व्यवधान**)... यह गलत व्यवहार है। ...(**व्यवधान**)... Please take your seat. *...(Interruptions)...* मंत्री जी, आप बोलिए। सिर्फ आपकी ही बात रिकॉर्ड पर जाएगी। ...(**व्यवधान**)...

श्री भूपेन्द्र यादवः उपसभापति महोदय, क्या सदन का ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापतिः जयराम जी, यह सही तरीका नहीं है कि आप अपनी बात कहें और उसका उत्तर नहीं सुनें। ...(**व्यवधान**)... नहीं। ...(**व्यवधान**)... यह रिकॉर्ड पर नहीं जाएगा। ...(**व्यवधान**)... माननीय भूपेन्द्र जी, आप बोलिए। आप उत्तर दीजिए। ...(**व्यवधान**)... सिर्फ आपकी बात ही रिकॉर्ड पर जा रही है। प्लीज़।

श्री भूपेन्द्र यादवः उपसभापति महोदय, मेरा ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापतिः प्लीज़। ...(**व्यवधान**)... जयराम जी, यह गलत बात है।

श्री भूपेन्द्र यादवः माननीय उपसभापति महोदय, मेरा उस समय का जो भाषण है, वह भाषण यहाँ पर उपलब्ध है। इनको भी पता है कि यह litigation आज की नहीं है। इनके समय में जब अवैध माइनिंग हो रही थी, तो लोग कोर्ट में पहुंचे थे। कोर्ट में पहुंचने के बाद अरावली का जो खनन है... हमने पिछले लंबे समय तक अरावली के खनन को किसी भी प्रकार से प्रोत्साहित नहीं किया, अरावली में कोई खनन नहीं किया। माइनिंग दिल्ली में अरावली में पूरी तरह बैन है, फरीदाबाद में पूरी तरह बैन है, गुरुग्राम में पूरी तरह बैन हैं। इनके समय में जो अवैध खनन हुआ, वह लिटिगेशन का बेस था। इनके समय में जो माइनिंग है, उसके बारे में सबको पता है कि अरावली की जो 70 से 80 परसेंट माइन्स हैं, वे इन्हीं के समय में दी गई हैं। आज ये उस पाप को छुपाना चाहते हैं। ये एक विषय, जो बार-बार कह रहे हैं, उसके बारे में मैं सदन के सामने कह रहा हूँ कि हम अरावली में पूरे तरीके से अरावली के प्रोटेक्शन के लिए कार्य कर रहे हैं। अरावली में चार टाइगर रिजर्व्स हैं। हमारे टाइम में अभी हमने दो किए हैं। अब हम लोग अरावली में इको-सेंसिटिव जोन का काम कर रहे हैं। कुंभलगढ़ का तो अभी हमने किया है। 18 वाइल्डलाइफ सेंक्चुअरी हैं। ये हमारे

Contents Page

समय में हैं। ...(**व्यवधान**)... वहाँ भी चल रहा है। इको-सेंसिटिव जोन है। पूरी पब्लिक हियरिंग है। आप भी आ जाइए। ...(**व्यवधान**)... आपको कौन रोक रहा है? ...(**व्यवधान**)...

श्री जयराम रमेशः सर...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापतिः जयराम जी, यह सही नहीं है। ...(**व्यवधान**)...

श्री भूपेन्द्र यादवः आप आइए। ...(**व्यवधान**)...

श्री जयराम रमेशः सर...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापतिः यह गलत परंपरा है। ...(**व्यवधान**)... कृपया आप बोलें। ...(**व्यवधान**)...

श्री भूपेन्द्र यादवः माननीय उपसभापति महोदय, वे हमारे अच्छे मित्र हैं। वे रिकॉर्ड पर यह भाषण भी दे सकते थे। ...(**व्यवधान**)...

श्री जयराम रमेशः सर, यह गलत है। ...(**व्यवधान**)... ये क्या बात कर रहे हैं? ...(**व्यवधान**)... सर, यह गलत है।...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please. *...(Interruptions)...* Nothing will go on record. *...(Interruptions)...* Please. *...(Interruptions)...* We will see. *...(Interruptions)...* माननीय मंत्री जी, आप बोलें।...(**व्यवधान**)... आपकी ही बात रिकॉर्ड पर जाएगी। हम लोग आगे चलें। आप बोलें। We will see it. Please. *...(Interruptions)...* माननीय भूपेन्द्र जी, आप अपनी बात कहें।...(**व्यवधान**)...

श्री भूपेन्द्र यादवः माननीय उपसभापति महोदय, मेरा यह कहना है कि अगर उनको यह विषय रखना था ...(**व्यवधान**)... आप यह विषय on record भी तो रख सकते थे। ...(**व्यवधान**)...

SHRI MALLIKARJUN KHARGE: This is very bad. *...(Interruptions)...*

SHRI BHUPENDER YADAV: It is not bad. *...(Interruptions)...*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please. *...(Interruptions)...* कृपया आप बोलिए। ...(**व्यवधान**)... कृपया आप बोलें। आपकी बात ही रिकॉर्ड पर जा रही है। ...(**व्यवधान**)... कुछ और रिकॉर्ड पर नहीं जा रही है। ...(**व्यवधान**)...

श्री भूपेन्द्र यादवः माननीय उपसभापति महोदय, पहली बात तो यह है कि अरावली में ...(**व्यवधान**)...

श्री जयराम रमेशः *

* Not recorded.

Contents Page

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Yes, we will see. I have told you. ...*(Interruptions)*... I have told you Jairam*ji*. मैंने कहा है कि हम देखेंगे। ...(**व्यवधान**)... हम देखेंगे। ...(**व्यवधान**)... प्रमोद जी, हमने कहा है कि हम देखेंगे। ...(**व्यवधान**)... प्रमोद जी, मैं यह कह चुका हूँ कि हम लोग देखेंगे। ...(**व्यवधान**)... कृपया आप बैठें। ...(**व्यवधान**)... माननीय मंत्री जी, कृपया आप बोलें। ...(**व्यवधान**)...

श्री जयराम रमेशः *

श्री उपसभापतिः आपकी बात रिकॉर्ड पर नहीं जा रही है। ...(**व्यवधान**)... मैंने already कहा है कि हम लोग देखेंगे। ...(**व्यवधान**)... मैं यह बोल चुका हूँ कि हम देखेंगे। ...(**व्यवधान**)...

श्री नीरज डांगीः *

श्री जयराम रमेशः *

श्री उपसभापतिः मैंने कहा है कि we will see the record. ...*(Interruptions)*... We will see the record. ...*(Interruptions)*... Please. भूपेन्द्र जी, कृपया आप बोलें। ...(**व्यवधान**)... मैंने कहा है कि हम रिकॉर्ड देखेंगे, Please take your seat. ...*(Interruptions)*... भूपेन्द्र जी, कृपया आप बोलें। ...(**व्यवधान**)...

SHRI PRAMOD TIWARI (Rajasthan): Sir, I have a point of order. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: He is on a point of order.

श्री भूपेन्द्र यादव : माननीय उपसभापति महोदय, मैंने अगर इतना सा आग्रह किया है कि जयराम जी, मैं बोल रहा हूँ और आप बीच में टोक रहे हैं। अगर आप रिकॉर्ड पर बोलते, तो मुझे जवाब देने में और मजा आता। ...(**व्यवधान**)... इसमें क्या बुरा होता? ...(**व्यवधान**)...

श्री जयराम रमेशः आपने डांगी जी के बारे में क्या बोला? ...(**व्यवधान**)...

श्री भूपेन्द्र यादवः मैंने डांगी जी के बारे में बोला। ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Jairam*ji*, please. ...*(Interruptions)*... किस रूल के तहत?

SHRI PRAMOD TIWARI: Sir, it is under Rule 238(ii).

MR. DEPUTY CHAIRMAN: He is on a point of order. आप सब बैठ जाएँ, प्रमोद जी का एक प्वाइंट ऑफ ऑर्डर है।

* Not recorded.

Contents Page

श्री प्रमोद तिवारी: सर, यह नियम 238 (ii) के तहत है। नियम, जिनका बोलते समय पालन किया जाएगा। किसी सदस्य के विरुद्ध व्यक्तिगत दोषारोपण नहीं करेगा।

श्री उपसभापति: इसका क्लॉज़ कौन-सा है?

श्री प्रमोद तिवारी: आप मेरी बात तो सुनें! Let me explain. व्यक्तिगत दोषारोपण किया है। मंत्री जी ने पूरे तरीके से नियमों का उल्लंघन किया है। ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति: माननीय प्रमोद जी, हमने ऑलरेडी यह कहा है कि हम examine करेंगे।

श्री प्रमोद तिवारी: सर, जब आप प्वाइंट ऑफ ऑर्डर का मौका दें, तो मुझे यह तो कहने दें कि मैं क्या कहना चाहता हूँ!

श्री उपसभापति: मैं तो पूछ रहा हूँ कि क्लॉज़ कौन सा है, लेकिन आप क्लॉज़ ही नहीं बता रहे हैं! यह किस क्लॉज़ के तहत है?

श्री प्रमोद तिवारी: सर, मैंने 238 (ii) कहा है।

श्री उपसभापति: ठीक है।

श्री प्रमोद तिवारी: किसी सदस्य के विरुद्ध व्यक्तिगत दोषारोपण नहीं करेगा। चूंकि सदस्य हैं, सदस्य का नाम लिया है। ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति: हमने ऑलरेडी यह कहा है कि हम examine करेंगे। चेयर ने डिसीजन दे दिया है। ...(**व्यवधान**)... माननीय मंत्री जी। माननीय भूपेन्द्र जी। ...(**व्यवधान**)... हमने कहा है कि हम देखेंगे। ...(**व्यवधान**)... The Chair will see and do the needful. ...(*Interruptions*).... माननीय भूपेन्द्र जी, आप बोलें। ...(**व्यवधान**)...

श्री जयराम रमेश: सर, इन्होंने नाम लिया है। ...(**व्यवधान**)... आप इनको बोलने तो दीजिए! ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति: आप तो शुरू से हर बार खड़े होकर बोल रहे हैं। अगर आपको रिकॉर्ड दिखाएं, तो पता चलेगा कि आप हर बात पर खड़े होते हैं। ...(**व्यवधान**)...

श्री प्रमोद तिवारी: सर, यह नियमावली के अनुसार हो। ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति: माननीय प्रमोद जी, आपके कहने के पहले चेयर ने कहा कि we will see the record and do the needful. ...(*Interruptions*).... Please. ...(*Interruptions*)....

SHRI JAIRAM RAMESH: What you will see the record! ...(*Interruptions*)....

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please. ...(*Interruptions*).... No.

Contents Page

SHRI JAIRAM RAMESH: You know what he has said. ...(*Interruptions*)....

MR. DEPUTY CHAIRMAN: This is not I expected from you. ...(*Interruptions*).... यह हम आपसे expect नहीं करते। ...(**व्यवधान**)... No, no. माननीय भूपेन्द्र जी, आप बोलें, आपकी बात ही रिकॉर्ड पर जाएगी।

श्री प्रमोद तिवारी: आप नियम 238 को पढ़िए। ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति: मैंने ऑलरेडी कहा है, आप बैठ जाएँ। मैंने कहा है, the Chair will see. ...(*Interruptions*).... प्रमोद जी, मैं कई बार कह चुका हूँ। मैं आपके बोलने के पहले कह चुका हूँ। माननीय भूपेन्द्र जी।

श्री भूपेन्द्र यादव: माननीय उपसभापति महोदय, रूल 238 में लिखा है कि जब कोई सदस्य बोले, तो बीच में कोई टोका-टोकी न करे।

श्री उपसभापति : हम देखेंगे, प्लीज़।

श्री जयराम रमेश: आपने क्या कहा? ...(**व्यवधान**)... आप मंत्री हैं और आप हँस रहे हैं! ...(व्यवधान)... आप मंत्री हैं और आपने गलत शब्दों का इस्तेमाल किया। आपको माफी माँगनी चाहिए। ...(**व्यवधान**)...

श्री भूपेन्द्र यादव: मैं दो चीज़ें कहना चाहता हूँ। पहला विषय, जिस Supreme Court judgment की ये बात कर रहे हैं, उस जजमेंट का जो शुरू का paragraph है, उसमें मंत्रालय की जो Green Arawali की स्कीम है, उसको कोर्ट ने appreciate किया है। इनके समय में जब कोर्ट के जजमेंट्स आते थे ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति: प्लीज़, आप बैठें। ...(**व्यवधान**)... He is speaking. आपने बोला।

SHRI MALLIKARJUN KHARGE: He himself is an Engineer. ...(*Interruptions*).... He knows everything. ...(*Interruptions*).... And, you people are criticizing him! ...(*Interruptions*)....

श्री उपसभापति: चेयर ने कई बार ऑलरेडी कहा कि we will see the record. ...(*Interruptions*).... माननीय भूपेन्द्र जी, आप अपनी बात कहें। ...(**व्यवधान**)...

श्री भूपेन्द्र यादव: माननीय उपसभापति महोदय, ...(**व्यवधान**)...

श्री मल्लिकार्जुन खरगे: वे जब बोल रहे थे, ...(**व्यवधान**)...उन्होंने पार्टी का नाम लिया। ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति: भूपेन्द्र जी, आप अपनी बात कन्क्लूड करें।

Contents Page

श्री भूपेन्द्र यादवः माननीय उपसभापति महोदय, मैं यह कहना चाहता हूं कि हम पूरी तरह से अरावली संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध हैं। ...(**व्यवधान**)... इनके समय में जब न्यायालय के निर्णय आते थे, तो इनकी सरकार के ऊपर अक्षमता के प्रश्नचिन्ह लगते थे। ...(**व्यवधान**)...

श्री जयराम रमेशः माफी मांगो।

श्री भूपेन्द्र यादवः इस निर्णय में न्यायालय ने हमारे Green Aravali Project के बारे में ...(**व्यवधान**)...

श्री मल्लिकार्जुन खरगेः एक शेड्यूल्ड कास्ट का आदमी इतनी कोशिश करके यहां तक पहुंचा है, उसके ऊपर ऐसे टीका-टिप्पणी करते हैं। ...(**व्यवधान**)...

श्री भूपेन्द्र यादवः महोदय, उन्होंने हमारे विषय पर सकारात्मक टिप्पणी दी है और सकारात्मक टिप्पणी देने के साथ ही साथ अरावली को protect करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। ...(**व्यवधान**)... न्यायालय को भी यदि इस संबंध में हमारी सरकार की कोई भी सकारात्मक assistance की आवश्यकता होगी ...(**व्यवधान**)... मैं सबसे सामने कहना चाहता हूं कि हम इसको पूरी तरह से protect कर रहे हैं। आज जो इनको सबसे ज़्यादा परेशानी हो रही है, जब इनको litigation का मूल पता लगा है और जब इनको litigation के मूल के बारे में जानकारी हुई है कि litigation कब शुरू हुई, ...(**व्यवधान**)... परिस्थितियां क्या थीं, किन परिस्थितियों में खनिजों का आबंटन किया गया और सर्वोच्च न्यायालय ने इस समिति का निर्धारण किया। आज सर्वोच्च न्यायालय ने इस समिति का निर्धारण किया। आज सर्वोच्च न्यायलय ने high powered committee बनाने की बात की है।

(At this stage, some hon'ble Members left the chamber.)

हम उस पर भी सकारात्मक हैं। जब निर्णय आया था, तब भी हमने निश्चित रूप से कहा था कि हम न्यायालय के निर्णय का पूरी तरह से पालन करेंगे। हमारा उद्देश्य अरावली का protection है। अरावली के protection के लिए सरकार पहले ही Aravali green wall project शुरू कर चुकी है। अरावली के जो 29 districts हैं, उनमें हम इस protection के कार्य को शुरू कर रहे हैं और इसे पूरी तरह protected बनाकर आगे बढ़ाने का काम करेंगे और न्यायालय की HPC में हम अपना सकारात्मक योगदान देंगे।

मैं आपके माध्यम से एक बात और कहना चाहता हूँ कि अभी NGT का भी जो निर्णय आया है, उसमें हमने निकोबार में जितने भी environmental concerns हैं, उनका पूरी तरह ध्यान रखा है और विस्तार से उसका जवाब भी न्यायालय के सामने रखा है। हमारा यह मानना है कि देश में जो पर्यावरण और प्रकृति है, वह हमारी अमूल्य धरोहर है। पर्यावरण और प्रकृति का संरक्षण करना हमारा कर्तव्य है। साथ ही, विकास के मार्ग में, industrial development के मार्ग में भी environmental norms और environmental standards को बनाए रखना भी हमारा दायित्व है। मैं आज आपके सामने यह कहना चाहता हूँ कि हम बार-बार माननीय प्रधान मंत्री जी की इस

Contents Page

प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाने का काम करते हैं। प्रधान मंत्री जी हमें लगातार यह निर्देश देते हैं कि भारत दुनिया के जलवायु संकट में समाधान की भूमिका निभाएगा, कभी भी समस्या नहीं बनेगा। आज देश में environment को लेकर जो reforms हम कर रहे हैं और environment protection को लेकर जो कार्य कर रहे हैं, उनमें "एक पेड़ माँ के नाम" vision और Mission LiFE जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से जन भागीदारी को भी बढ़ाया जा रहा है। हमारा मानना है कि ecology और economy के balance को बनाए रखते हुए ही देश को आगे बढ़ाया जा सकता है। यही भारत का मंत्र है और यही हमारे मंत्रालय का भी मंत्र है। हमारे मंत्रालय का motto है - प्रकृति रक्षति रक्षितः अर्थात् अगर आप नेचर की रक्षा करते हैं, तो नेचर आपकी रक्षा करता है। Nature के साथ जो co-existence है, यह हमारा भाव है। Nature के साथ coexistence को साथ लेकर जीना ही हमारी भावना है। इसीलिए हमारे घनश्याम जी के साथ अनेक सदस्यों ने हमारे philosophical concepts और philosophical मंत्र को इस सदन के सामने रखा है। आज एक समय आया है जब भारत के दर्शन और भारत की philosophy को हमें अपनी policy के अंदर लेकर आए हैं। भारत की philosophy को हम अपने जीवन में लेकर आए हैं और अपने व्यवहार में भी लेकर आए हैं। इसी कारण हमारी सरकार जहाँ mitigation measures पर काम कर रही है, वहीं adaptation practices को भी बढ़ाने का कार्य कर रही है। इसके साथ-साथ individual behavior के लिए Mission LiFE जैसे कार्यक्रम भी चला रही है। इस मंत्रालय के कई विषयों पर यहाँ चर्चा हुई। मेरा उद्देश्य किसी को आहत करना नहीं था। मैंने केवल इतना कहा था कि जयराम जी, डांगी जी ने जो भाषण दिया, यदि वह भाषण आप देते, तो मुझे record पर आपका जवाब देने में ज़्यादा आसानी होती। लोकतंत्र में यह एक स्वस्थ परंपरा होती है कि आप सामने वाले से कहें - आप पूछिए, हम जवाब देने के लिए तैयार हैं। न तो हमने किसी का अपमान किया और न ही किसी की भावना को ठेस पहुँचाने का प्रयास किया। दो लोग और बोल लेते तो भी क्या दिक्कत हो जाती? लेकिन मेरा यह मानना है कि यह जो सदन है, यह चर्चा और परामर्श का मंच है। आज दुर्भाग्य यह है कि वे एक विषय पर नहीं रुकते, वे चर्चा करने के लिए टिकते नहीं हैं। वे बोलना तो जानते हैं, लेकिन जवाब सुनना नहीं जानते। जिस दिन वे जवाब सुनने लगेंगे, उनका भी देश में योगदान होने लगेगा। सब लोग चर्चा में अपनी बात रखें, लेकिन दूसरे का भी जवाब सुनें। धैर्य उस चीज़ का रखें, उसके लिए सदन बना है और उच्च सदन की मर्यादा तो और ऊंची है। इस मर्यादा को बनाने के लिए मैंने किसी का अपमान नहीं किया है। मेरा यह मानना है कि जिन भी सदस्यों ने विषय रखे हैं, उनके जो सकारात्मक विषय हैं, उनको आगे लेकर बढ़ेंगे और भारत ने पिछले 10 वर्षों में प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में जो उपलब्धियां ली हैं, उन उपलब्धियों के माध्यम से भारत दुनिया को वसुधैव कुटुम्बकम् का संदेश देता और सर्वे भवन्तु सुखिनः की हमारी प्रार्थना है, जिसका अर्थ केवल मनुष्य का सुख नहीं है, बल्कि जो भी जीव-जगत और कल्याणकारी लोग हैं, उन सबके सुख की बात हम करते हैं। सर्वे भवन्तु सुखिनः का जो मूल मंत्र है, वसुधैव कुटुम्बकम् का जो नारा है और G-20 में प्रधान मंत्री जी ने "One World One Family" का जो नारा दिया था, उसको लेकर हमारा मंत्रालय उन दिशा-निर्देशों पर कार्य कर रहा है। उपसभापति महोदय, आपने चर्चा में भाग लेने का अवसर दिया, उसके लिए मैं आपका बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूं।

Contents Page

DISCUSSION ON THE WORKING OF THE MINISTRY OF RURAL DEVELOPMENT

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Hon'ble Members, now we shall take up Discussion on Working of the Ministry of Rural Development. Shrimati Rajani Ashokrao Patil to raise the Discussion on the Working of the Ministry of Rural Development. Shrimati Rajani Ashokrao Patil; not present. Now, Dr. K. Laxman.

DR. K. LAXMAN (Uttar Pradesh): Mr. Deputy Chairman, Sir, I thank you for giving me the opportunity to speak on the Demands for Grants for the Ministry of Rural Development, for the year 2026-27. This Government, under the leadership of our beloved Prime Minister, Narendra Modi*ji*, strongly believes that India's real strength lies in villages. When our villages are strong, our economy will be strong and our society will also be stable. So, with visionary leadership of Modi*ji*, this Government has earmarked and allocated a major Budget for the upliftment and empowerment of the poor people in rural areas. Rural economy is not just about schemes and money; it is about nation building. हमारे प्रधान मंत्री जी ने 2047 तक आज़ादी के 100 साल पूरे होने पर विकसित भारत बनाने का जो संकल्प लिया, उस संकल्प को साकार करने के लिए एक मज़बूत, एक सशक्त गांव बनाना मोदी जी का संकल्प है। This discussion is not merely on numbers, it is a testament to the transformation vision of the hon'ble Prime Minister. When it comes to allocation of Budget for 2026-27, the Ministry of Rural Development has been allocated Rs.1, 97,023 crores. It is almost a four per cent increase from the last year's Budget. So, you can imagine how much concern this Government has towards rural development. The main emphasis has been given on schemes like VB-G RAM G. There is almost an increase of 40 per cent in the Budget when compared to the UPA's Budget on Rural Development. The second particular Scheme is Pradhan Mantri Awas Yojana. There is a 23 per cent increase in the Budget when compared to last year. The third one is Pradhan Mantri Gramin Sadak Yojana, where there is almost eight per cent increase. So, apart from agriculture and farmers' welfare, these three Schemes have been emphasized in this Budget. We are all aware that under this Government, a new Scheme, VB-G RAM G Scheme, has been launched to replace MGNREGA Scheme. In the last Session, we passed a Bill in favour of VB-G RAM G Scheme. The VB-G RAM G Scheme focuses on transparency and accountability. Under this Scheme, wages are given to labourers in the rural areas who are unemployed and are in need of employment.

Contents Page

[THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA) *in the Chair.*]

Earlier, the budget allocated under MNREGA was subject to leakages and the wages were not properly given on time to the labourers. Even the number of working days has now been increased from 100 to 125 days; and during peak season of farming, 30 days' leave has also been given under this Scheme. Apart from this, the money is also paid on time. More particularly, this particular Scheme, VB-G RAM G, has been an asset creation in the rural economy. Earlier, activities like digging holes, pot holes and spreading mud were repeated. It was almost a fraudulent activity which used to take place earlier. इसको भी एक राजनीतिक मुद्दा बनाने का प्रयास किया जा रहा है, मगर मोदी जी के नेतृत्व में हमारी पूरी जनता का जो विश्वास है, उसी का परिणाम है कि लोग आज भी इस VB-G RAM G स्कीम के लिए तरस रहे हैं। इसीलिए VB-G RAM G स्कीम के माध्यम से हमारे गाँव में जितने भी बेरोजगार हैं, उनके लिए आज एक अच्छा मौका दिया गया है, उनके लिए एक अच्छी योजना बनाई गई है। इसके माध्यम से हमारे रूरल में, ग्राम सभा के माध्यम से ही तय करेंगे कि हमारे गाँव में लोगों ने किस काम को करना है, हमारे किस गाँव, खेत के लिये काम करना है। It is a very transparent and accountable scheme launched by our Government and a Budget of not less than Rs. 96,000 crores has been given. It is not a small amount.

When it comes to Pradhan Mantri Awas Yojana (Gramin), overall, in this decade, the Government has constructed more than four crores of pucca houses for the needy of the society. Apart from this, in rural areas, almost 2.10 crore houses have been built in 10-year span. About Rs. 54,917 crores have been allocated for building these pucca houses in the rural areas (Gramin). It is almost 69 per cent increase in the last year's Budget when we compare 2025 and 2026. Providing houses under Gramin Awaas Yojana means providing not only pucca houses to the poor people but also providing dignity to them. It is a dignity for the poor people. Providing toilets to every house, and नल से जल देना, बिजली भी देना और उज्ज्वला गैस योजना के माध्यम से गाँव में हर परिवार को भी सशक्त करना है। इतना ही नहीं, मुद्रा योजना के माध्यम से उन्हें कर्ज़ भी दिया गया था। Sir, 'Two crores and ten lakhs' is not a small number. When you compare it to some countries, it is more than the population of some countries. This figure is 2.10 crores in rural areas.

Farming and agriculture has the highest allocation. Rs. 2.32 lakh crore have been allocated for agriculture and farming sector. Earlier, during the UPA regime, they used to speak only of waiver of loans. That has provided nothing for the farmers. They have almost spent Rs. 70,000 crores just for the sake of votes but the NDA Government, under the leadership of Modiji, has given Rs. 3.7 lakh crores under

Contents Page

Pradhan Mantri Kisan Samman Nidhi Yojana. It is an investment, capital investment, for the poor farmers, marginalized farmers, small farmers, benefiting 11 crore farmers in the country. This Kisan Samman Nidhi Yojana is one of the world's largest Schemes for the poor farmers. The Congress waived these debts only for the sake of votes but the NDA worked to improve production and even for the welfare of these poor farmers. We have seen it in Telangana. They had gone with the slogan of waiving off loans, but after two years, they have done nothing, and finally they have ditched the farmers in Telangana also.

Apart from farming, a major emphasis has been given to fisheries, animal husbandry and dairy. Keeping in mind the rural people, the economy of the rural people, we have Schemes like Pradhan Mantri Matsya Sampada Yojana. The livelihood of the fishermen is dependent upon the fisheries. In this Pradhan Mantri Matsya Sampada Yojana, the women also have been given 50 per cent subsidy by providing loans and even for their empowerment. Apart from that, under Pradhan Mantri Vishwakarma Yojana, 18 categories of rural people who survive on these occupational professions have been benefitted. Not less than 30 lakh families have been benefited. They are helped by providing them stipend, training and even equipping them with modern tool kits.

Sir, apart from that, for NRLM, National Rural Livelihood Mission also, Rs. 4,000 crores was the earlier budget during the UPA time. Now it has increased to almost Rs. 19,200 crores where women self-help groups were particularly helped. This Government is not just giving empowerment and welfare to the women, but there is woman-led development. Almost 10.5 crore women benefited, with 90.09 lakh self-help groups and nine lakh community leaders. As I said, it is not just women empowerment but women-led development. Schemes like *Lakhpati Didi* and many other schemes for eradicating poverty have come. Talking about poverty schemes in the UPA Government, in every scheme that they planned there were leakages and scams. हर योजना में किस तरह से भ्रष्टाचार किया गया था, मिडिल मैन का क्या रोल था, यह हमें भी पता है। But, in the NDA regime, poverty schemes are welfare schemes and not just for welfare, but for empowering people. For women in the farming sector there are initiatives like *Drone Didi* and *Lakhpati Didi*. During the UPA Government, for the poor, old, widows and disabled people living in the rural areas, they promised support. Even in my State, Telengana, during the last elections, they promised pension of Rs. 4,000 per month. Nothing has been implemented. They had promised Rs. 2,500 per month for every woman. महिलाओं से वादा किया गया था कि हर महीने टकाटक-टकाटक 2,500 रुपये मिलेंगे, लेकिन आज तक पूरे देश में एक महिला को भी

Contents Page

नहीं मिले हैं। लोगों को गुमराह करने के लिए चुनाव के समय इस तरह के मुद्दे बनाते हैं। यह सब लोगों को आज पता लगा है। चाहे चेक गारंटी हो या 420 एश्योरेंसेज़ हों, आज उनका पर्दाफाश हो गया है। आज की बात करें, तो जिस तरह से हमारे तिवाड़ी जी ने बताया कि गरीबों के लिए जो योजनाएं बनाई गई थीं, उनमें डीबीटी के माध्यम से 16,500 करोड़ रुपये बिना किसी दलाली की व्यवस्था के गरीब के बैंक खातों में पहुंचाए गए। मोदी जी की सरकार में zero tolerance on corruption है। रूरल डेवलपमेंट काँग्रेस के लिए एक स्लोगन था, पर मोदी जी के लिए एक मिशन है। ...(**व्यवधान**)... मैं ज्यादा समय नहीं लेते हुए, सिर्फ इतना ही कहना चाहता हूँ कि आज रूरल डेवलपमेंट पर जितना फोकस दिया जा रहा है, तो आने वाले समय में विकसित भारत का सपना साकार करने के लिए यह मजबूत और सशक्त गाँव बनाने का मौका और योजना है।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA): The next speaker is Shrimati Rajani Ashokrao Patil.

श्रीमती रजनी अशोकराव पाटिल (महाराष्ट्र): माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, आज हम ग्रामीण विकास मंत्रालय की कार्यप्रणाली पर चर्चा करने के लिए यहाँ उपस्थित हुए हैं। कागज पर आंकड़े आकर्षक दिखते हैं, लेकिन गाँव की धरती पर हकीकत कुछ अलग है और कहानी कुछ अलग बता रही है। बजट 2026-27 में ग्रामीण विकास मंत्रालय को लगभग 1,97,000 करोड़ रुपये दिए गए थे, जो संशोधित अनुमान से केवल चार परसेंट अधिक हैं। सवाल यह है कि क्या यह चार परसेंट की वृद्धि उस ग्रामीण भारत की उम्मीदों को पूरा कर पाएगी, जो महंगाई, बेरोजगारी, कृषि संकट से जूझ रहा है? क्या यह ऐसे हमारे हजारों-लाखों किसानों के संकट को मिटा देगी? महात्मा गाँधी जी ने कहा था कि भारत की आत्मा उसके गाँवों में बसती है। यदि गाँव मजबूत नहीं होंगे, तो हम जो विकास का दावा करते हैं, वह अधूरा है।

सरकार कहती है कि उसने ऐतिहासिक कदम उठाए हैं, लेकिन हमें यह देखना होगा कि घोषणाओं और जमीन पर असर के बीच कितनी दूरी है। ग्रामीण विकास मंत्रालय देश के करोड़ों लोगों के जीवन से जुड़ा हुआ मंत्रालय है। इसके अंतर्गत रोजगार, आवास, सड़क, आजीविका, सामाजिक सुरक्षा और भूमि सुधार, ये सब मूलभूत अधिकार आते हैं। यदि इन योजनाओं का क्रियान्वयन सुदृढ़ हो, तो गाँव की तस्वीर बदल सकती है। लेकिन यदि इनका क्रियान्वयन कमजोर हो, आवंटन और व्यय में अंतर हो, राज्यों पर अतिरिक्त बोझ डाला जाए, मजदूरों तथा लाभार्थियों को उनका अधिकार समय पर न मिले, तो बजट का आकार कितना ही बड़ा क्यों न हो, उसका प्रभाव बहुत सीमित रहेगा। सबसे पहले हमें यह समझना होगा कि ग्रामीण विकास का अर्थ केवल खर्च करना नहीं है, बल्कि ग्रामीण विकास का अर्थ योजनाओं को माँग आधारित, पारदर्शी और जवाबदेह बनाना है। हमने पिछले कई वर्षों में देखा है कि कई योजनाओं का वास्तविक व्यय बजट अनुमान से कम हो रहा है। यह स्थिति विशेष रूप से आवास योजना और कुछ अन्य कार्यक्रमों में स्पष्ट दिखाई देती है। ऐसे में यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि क्या योजना निर्माण और जमीन पर क्रियान्वयन के बीच समन्वय कुछ कम है? सर, मैं सबसे बड़ी योजना के बारे में बात करना चाहूँगी। मनरेगा योजना का नाम यूपीए के कार्यकाल में हमने रखा था। इन्होंने इसका नाम बदल दिया है। सर, मनरेगा पहले रोजगार हमी योजना के नाम से हमारी स्टेट महाराष्ट्र में

Contents Page

लागू हुई थी। हमारे वि. स. पागे साहब ने वह लागू कर दी थी। यही योजना यूपीए गवर्नमेंट में हमारी सोनिया जी के विज़न से और मनमोहन सिंह जी के इंटरवेंशन से पूरे देश में लागू हो गई। बाद में उसका नाम महात्मा गांधी रोजगार हमी योजना कर दिया गया। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम को समाप्त कर दिया और वीबी-जी राम जी नई योजना लागू कर दी है। नाम बदल गया, संरचना बदल गई, प्रस्तुति बदल गई, परंतु क्या जमीन पर स्थिति बदली? यह मूल प्रश्न है, जिसको उत्तर देश का ग्रामीण मजदूर जानना चाहता है। मैं यहां फिर महात्मा गांधी जी का जिक्र करूंगी। जब हम नीति बनाते हैं, तो किसी भी नीति को बनाते समय सबसे गरीब और कमजोर व्यक्ति का चेहरा याद करिएगा और फिर नीति बनाइएगा, यह गांधी जी ने कहा था। हमें पूछना चाहिए कि क्या यह नई व्यवस्था उस व्यक्ति के काम आ रही है या नहीं? सरकार ने बड़े जोर-शोर से घोषणा की कि अब 100 दिन नहीं, बल्कि 125 दिन रोजगार की गारंटी दी जाएगी। सुनने में यह भी निर्णय ऐतिहासिक और उदार प्रतीत होता है, लेकिन आंकड़ों की सच्चाई से मुंह नहीं मोड़ना चाहिए। पिछले 10 सालों में औसतन एक परिवार को केवल 48 दिन का रोजगार मिला है। ये मैं स्टैटेस्टिकली बता रही हूं। इसका अर्थ यह है कि 100 दिन की जो वैधानिक गारंटी थी, वह भी पूरी तरह से लागू नहीं हुई। जब 100 दिन की व्यवस्था प्रभावी ढंग से लागू नहीं हुई, तो आप 125 दिन का वायदा क्यों करते हैं? यह वास्तविक सुधार नहीं है, यह केवल एक घोषणा है। यह भी ध्यान देने योग्य बात है कि बहुत कम परिवार ऐसे हैं कि जिन्हें 100 दिन का पूरा काम मिला। अधिकांश ग्रामीण परिवारों को आंशिक रोजगार ही मिला। कई बार उन्हें काम मांगने के लिए भी इंतजार करना पड़ा। यदि मांग आधारित व्यवस्था को ही सीमित कर दिया जाए, तो गारंटी का विस्तार केवल कागज पर ही रह जाएगा। यह मैं आपको बताना चाहती हूं।

सर, सबसे गंभीर प्रश्न बजटीय प्रावधान का है। वर्ष 2026-27 में पुराने मनरेगा के लिए मात्र 30 हज़ार करोड़ रुपये का प्रावधान किया था। यह पिछले वर्ष के संशोधित अनुमान से 66 प्रतिशत कम है। यह कटौती केवल एक संख्या नहीं, बल्कि यह नीति का संकेत देती है। सरकार कहती है कि वीबी-जी राम जी को 95,692 करोड़ दिए गए हैं, लेकिन हमें यह भी देखना है कि उन्होंने नई व्यवस्था में उन्होंने 60:40 का अनुपात रखा है। केंद्र 60 प्रतिशत देगा और राज्य 40 प्रतिशत देगा। मजदूरी का पूरा भार और सामग्री की लागत का अधिकांश हिस्सा पहले केंद्र सरकार वहन करती थी, लेकिन अब राज्यों को अधिक वित्तीय जिम्मेदारी उठानी होगी। यह वस्तुस्थिति है। देश के कई राज्य पहले से ही राजकोषीय दबाव में हैं। यदि उन्हें रोजगार योजना में अतिरिक्त संसाधन लगाने होंगे, तो क्या वे सामाजिक योजनाओं में कटौती करेंगे या फिर काम की मांग को सीमित करने का प्रयास करेंगे? क्या यह रोजगार की गारंटी है या राज्य को वित्तीय दबाव में डालने की कोशिश है या रणनीति है, यही आपको समझना होगा। यदि कोई राज्य अपने हिस्सेदारी समय पर नहीं दे पाए, तो क्या मजदूरों का भुगतान रुकेगा? इन प्रश्नों के जवाब मंत्री जी आपको देने चाहिए। रोजगार गारंटी कानून का एक महत्वपूर्ण प्रावधान है कि अगर काम मांगने के 15 दिन के अंदर किसी को रोजगार उपलब्ध नहीं कराया गया, तो बेरोजगारी भत्ता देना अनिवार्य है और यह एक कानूनी तरतूद है। यह केवल प्रशासनिक प्रावधान नहीं, बल्कि कानूनी अधिकार है। 2019 से 2025 तक बेरोजगारी भत्ते का सिर्फ 8 प्रतिशत भुगतान हुआ है। 2025-26 में तो यह आंकड़ा सिर्फ 2 प्रतिशत रहा है। इसका अर्थ यह है कि कानून में मजदूरों को जो सुरक्षा दी

Contents Page

गई है, उस सुरक्षा की उन्होंने अनदेखी की है। गरीब मजदूर के पास न तो लंबी कानूनी लड़ाई लड़ने की क्षमता है और न ही वे प्रशासनिक गलियारों में भटक सकते हैं। यदि गारंटी का उल्लंघन हो और भत्ता न मिले, तो यह कानून का बहुत बड़ा अवमूल्यन भी है।

सर, मजदूरी की दर का प्रश्न भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। कई राज्यों में घोषित मजदूरी दर और वास्तविक भुगतान के बीच अंतर देखा गया है। कहीं घोषित दर 300 रुपये है, तो कहीं भुगतान उससे भी कम हुआ है। मजदूर की आय में यह अंतर उसके परिवार का भोजन, शिक्षा और स्वास्थ्य पर सीधा प्रभाव डालता है।

4.00 P.M.

